रजिस्ट्री सं० डी- 222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 12, 1966 (माघ 23, 1887)

No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 12, 1966 (MAGHA 23, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

सूचना
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 31 जनवरी 1966 तक प्रकाशित किये गये थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 31st January 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
22	No. 16-ITC(PN)/66, dt. 25-1-66	Min. of Commerce	Import Policy for April 1965 March 1966 condition on utilisation of licences.
	No. 17-ITC(PN)/66, dt. 25-1-66	Do.	Import of Taxi/Fare meters falling under S. No. 293, 295 & 297/IV April/65-March/66.
	No. 18-ITC(PN)/66, dt. 25-1-66	Do.	Import policy for books, periodicals and journals falling under S. Nos. 169-170/IV for the period April 1965-March/66.
	No. 19-ITC(PN)/66, dt. 25-1-66	Do.	Import of Capital Goods & other items under National Defence Remittance Scheme.
23	No. 8-Pres/66, dt. 26-1-66	Presidents Secretariat	Awards by the President.
24	No. 31/17/65-Ad. III-B, dt. 26-1-66	Min. of Finance	President awards on appreciation certificate to Shri T. A. Krishnanswamy, Deputy Supdt. of Central Excise Pondicharry for exceptionally meritorious service.
	सं० 31/17/65—ए० डी०-3-बी, दिनांक 26-1-66	वित्त मंत्रालय	श्री टी० ए० कृष्णस्वामी, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के उप-अधीक्षक को राष्ट्रपति ने असाधारण प्रशस्त सेवा के लिये प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया ।
25	No. 20-ITC(PN)/66, dt. 29-1-66	Min. of Commerce	Import policy for P. G. Red Oxide falling under S. No. 34-37 (d)/V of the I.T.C. Schedule for the period April/65-March/1966.
	No. 21-ITC(PN)/66, dt. 29-1-66	Do.	Import Policy for emery grain, emery powder, abrasive and carborundum grain, and powder falling under S. No. 25(d) II during April/65-March/66.
26	No. 22-ITC(PN)/66, dt. 31-1-66	Min. of Commerce	Import policy for Bismuth metal falling under S. No 17 (a)(i)/II-April/65-March/66

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची
(CONTENTS)

	पृष्ठ (Pages)
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं ..	101
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	129
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं ..	9
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं ..	83
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	225
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	375
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	31
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ-लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..	107
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	53
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	17
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं ..	115
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	31
पूरक सं० 7—	
5 फरवरी 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	217
15 जनवरी 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े ..	229

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	101
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	129
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	9
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments. Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	83
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	225
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	375
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	31
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission. Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	107
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	53
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	17
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	115
PART IV—Advertisement and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	31
SUPPLEMENT No. 7—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 5th February 1966	217
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 15th January 1966	229

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जनवरी 1966

सं० 9 प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को, पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया में प्रदर्शित वीरता के लिए "महा वीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर जोरावर चंद बक्शी, (आई सी–1510), वीर चक्र, 5 वीं बटालियन, गोरखा राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 अगस्त, 1965)

ब्रिगेडियर जोरावर चंद बक्शी एक ब्रिगेड के कमान्डर थे जिसने जम्मू एवं काश्मीर में तनमार्ग और पत्तन क्षेत्र और बाद में उड़ी-पूंछ के उभरे हुये क्षेत्र में 5 अगस्त 1965 से 23 सितम्बर 1965 को युद्धविराम होने तक कार्रवाई की।

ब्रिगेडियर बक्शी को बसाली, हाजी पीर दर्रा और कहूता पर कब्जा करने का कठिन काम सौंपा गया। हाजी पीर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर है और इस पर अधिकार करना उड़ी-पूंछ को एक दूसरे से मिलाने के लिये जरूरी था। हाजी पीर के रास्ते से उड़ी और पूंछ को मिलाने वाली सड़क प्रयोग में न आने के कारण खराब हो गई थी और कुछ एक स्थानों पर टूट-फूट गई थी। हाजी पीर पहुंचने के लिये पश्चिम में सांक और लेडवाली गली और पूर्व में बडोरी, कुथनरदी गली और किरण के पहाड़ी स्थलों के ऊपर से होकर जाने के अतिरिक्त और कोई सीधा रास्ता न था। सिलीकोट से, जहां उनका ब्रिगेड हैडक्वार्टर था, हाजी पीर 14 मील की दूरी पर था। इसके आगे और दायें बायें शत्रु की सुरक्षित चौकियां थी।

सारे रास्ते ब्रिगेडियर बक्शी सब से आगे रहे। जैसे ही एक ध्येय पर अधिकार हो जाता, वह स्वयं पुनर्गठन में सहायता करते और रास्ता दिखाते। बहुत बार, शत्रु की ओर से भारी और लगातार की जा रही गोलाबारी में अपनी निजी सुविधा या बचाव की परवाह न करते हुए वह सबसे आगे रहे। हाजी पीर पर अधिकार कर लेने के पश्चात् उन्होंने अपना युद्ध कौशल का हैडक्वार्टर तत्काल आगे भेज दिया यद्यपि वह जानते थे कि शत्रु निश्चय ही इस पर खूब जोर से जवाबी हमला करेगा।

इस कार्यवाही में ब्रिगेडियर जोरावर चंद बक्शी ने असा रण नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और अपने जवानों के साथ मिलकर कठिनाइयां सहने के साथ-साथ जिस उच्च स्तर की योजना बनाने और युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया वे सब भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप हैं।

2. लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कुमार श्रीधर वैद्य (आई सी–1701) दक्कन हार्स (9 हार्स)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कुमार श्रीधर वैद्य पाकिस्तान के विरुद्ध हाल ही में की गई कार्यवाहियों में असाल उत्तर और चीमा (पंजाब) में 6 से 11 सितम्बर 1965 तक अपनी यूनिट द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में दक्कन हार्स की कमान कर रहे थे। लड़ाई में उन्होंने उत्साहवर्धक नेतृत्व का प्रदर्शन किया। अपनी यूनिट को तरतीब देने और भारी कठिनाइयों का मुकाबिला करने और शत्रु के पैटन टैंकों को भारी हानि पहुंचाने में सराहनीय ढंग से काम लिया।

अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किये बिना अपने अनथक प्रयत्नों से वह एक सैक्टर से दूसरे सैक्टर में जाते रहे और इस प्रकार अपने निजी उदाहरण से अपने जवानों को प्रेरित करते रहे। असाल उत्तर की लड़ाई में शत्रु के बख्तर बंद हमलों को रोकने और बाद में चीमा में 10–11 सितम्बर, 1965 को शत्रु के टैंकों को तहस-नहस करने के लिये बड़ी हद तक आप ही जिम्मेदार थे।

3. लेफ्टिनेंट कर्नल रघुबीर सिंह (आई सी—6596), 18 वीं बटालियन।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

असाल उत्तर की लड़ाई में लेफ्टिनेंट कर्नल रघुबीर सिंह राजपूताना राइफलस रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। क्षेत्र की रक्षा करने वाले ब्रिगेड की पश्चिमी अग्रिम स्थिति पर यह यूनिट तैनात थी। 7 से 10 सितम्बर 1965 तक के समय में इस यूनिट पर पाकिस्तानी सेना ने बख्तरबन्द गाड़ियों तथा तोपों की जबरदस्त गोलाबारी के साथ दो बार दिन में तथा दो बार रात में आक्रमण किया।

9 सितम्बर को रात्रि के 9 बजे चांद की रोशनी में शत्रु सेना ने टैंकों के साथ जोरदार आक्रमण किया और हमारी अग्रिम कम्पनी की चौकियां ले लीं। स्थिति गम्भीर हो गई और इन कम्पनियों से सम्बन्ध टूट गया। लेफ्टिनेंट कर्नल रघुबीर सिंह शत्रु के टैंक आक्रमण की सम्भावना देख कर अपनी कमान चौकी से निकल कर तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना शत्रु के तीन टैंकों के बीच में से होते हुए उन कम्पनियों में पहुंचे। शत्रु की जोरदार गोलाबारी के बीच में से वह आगे बढ़े और कम्पनी कमाण्डरों के साथ सम्बन्ध स्थापित किया। कमांडिंग अफसर के इस साहस, दृढ़ संकल्प तथा नेतृत्व से जवानों को प्रेरणा मिली जिससे उनकी कमान में उन्होंने शत्रु के 20 टैंक नष्ट कर दिए।

4. ब्रिगेडियर टामस कृष्णन त्यागराज (आई सी—4321), आर्मर्ड कोर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1965)

8 सितम्बर 1965 को पाकिस्तानी सेना ने खेमकरन क्षेत्र में बहुत बड़ा आक्रमण किया। पैटन टैंकों के प्रयोग से शत्रु ने हमारे क्षेत्र में दूर तक आने की इच्छा से हमारे सैनिकों को घेरे में डालने की चेष्टा की। ब्रिगेडियर टामस कृष्णन त्यागराज की कमान में आर्मर्ड ब्रिगेड को तुरन्त शत्रु को आगे बढ़ने से रोकने के लिये भेजा गया।

शत्रु का मुकाबिला करने के लिये ब्रिगेडियर त्यागराज ने अपने टैंकों को ठीक ढंग से तैनात किया और शत्रु के बड़े आक्रमणों के विरुद्ध दृढ़तापूर्वक वहां डटे रहे। लड़ाई के अन्त में शत्रु के 40 पैटन तथा शैफी टैंक या तो नष्ट कर दिये गये या ठीक हालत में अधिकार में ले लिये गये और शत्रु की लगभग दो पैटन रेजिमेंटें नष्ट हुईं।

शत्रु को बहुत हानि के साथ पीछे हटना पड़ा और इस क्षेत्र में हमारी चौकियों पर फिर कभी इतने बड़े आक्रमण की चेष्टा नहीं की।

ब्रिगेडियर टामस कृष्णन त्यागराज के साहस, नेतृत्व तथा दृढ़ता से यह निस्चात्मक विजय शत्रु की बख्तरबन्द सेना के विरुद्ध सम्भव हुई।

5. 3940154 लांस हवलदार नौबत राम, 6 वीं बटालियन, 6 डोगरा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1965)

8–9 सितम्बर, 1965 की रात को लांस हवलदार नौबत राम एक कम्पनी की आगे बढ़ रही प्लाटून के कमान्डर थे जिसे जम्मू एवं कश्मीर में हाजी पीर दर्रा के दक्षिण पूर्व में चन्द मील पर एक-एक पहाड़ी पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया। जब आगे वाली कम्पनी अभी मोर्चे संभाल रही थी, शत्रु ने आक्रमण करने वाले हमारे सैनिकों पर मार्टर से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। लांस हवलदार के गोली लगी और बाजू घायल हो गया परन्तु इस घाव से वह हमले में अपनी प्लाटून का नेतृत्व करने से पीछे न हटे। वह अपनी प्लाटून के साथ शत्रु की दाईं ओर बढ़ा लेकिन शत्रु की हल्की मशीन गन से हो रही ठीक निशाने की गोलाबारी के बीच आ गया। इस समय लांस हवलदार नौबत राम ने रेंगते हुए, शत्रु के मजबूत मोर्चे के पीछे की ओर जाना शुरू किया। शत्रु की हल्की मशीन गन से चन्द एक गज की दूरी पर जाकर उन्होंने एक हथगोला फेंका और अपनी संगीन के साथ मोर्चे में घुस गये। इस प्रकार उन्होंने अकेले ही शत्रु की हल्की मशीन गन पर कब्जा कर लिया और दो तोपचियों को मार दिया। इसी बीच उनकी प्लाटून शत्रु की चौकी पर आ पहुंची और बिना किसी और हानि के इस पर अधिकार कर लिया।

इसके बाद भी इस नान कमीशण्ड आफिसर ने वहां से हटने से इन्कार कर दिया क्योंकि वह जानते थे कि इस पहाड़ी पर अधिकार करना गीतियां पर शत्रु की मुख्य चौकी पर बड़ा हमला करने का प्रथम भाग था।

20 सितम्बर 1965 को जब गीतियां पर शत्रु की मुख्य चौकी पर आक्रमण शुरू हुआ लांस हवलदार नौबत राम अग्रिम कम्पनी की अगली प्लाटून के साथ थे। जब उनकी प्लाटून ध्येय से केवल एक सौ गज से भी कम दूरी पर थी, शत्रु ने भारी गोलाबारी शुरू कर दी। लांस हवलदार नौबत राम घायल हो गये परन्तु अपने घावों की चिन्ता न करते हुए वे हमले का नेतृत्व करते रहे और उन्होंने शत्रु के ठिकानों पर खड़े होने का स्थान बना ही लिया। शत्रु की दो मशीनगनें हमला को रोक रही थी परन्तु लांस हवलदार ने हथगोले फेंक कर उन्हें शांत कर दिया और उन पर अधिकार भी कर लिया। एक बार फिर लांस हवलदार नौबत राम को मशीनगन का गोला लगा। परन्तु इसकी परवाह किये बिना वहां से बाहर निकाले जाने के लिये मना कर दिया और अपनी प्लाटून की कमान संभाले रख कर शत्रु के जवाबी हमले का मुकाबिला करने के लिये उसका पुनर्गठन किया। शत्रु ने जवाबी हमला किया और शत्रु के कुछ सैनिक उसकी अगली सेक्शन चौकी में घुस गये। लेकिन लांस हवलदार नौबत राम आगे बढ़े और हथगोले फेंक कर शत्रु के पैर जमाने की कोशिश विफल कर दी। लांस हवलदार नौबत राम के शौर्य और नेतृत्व के निजी उदाहरण ने उनकी प्लाटून का उत्साह इस हद तक बढ़ाया कि शत्रु को भारी हानि पहुंचाते हुए उसके प्रत्येक जवाबी हमले विफल कर दिये।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार नौबत राम तीन बार घायल हुये। हर बार उन्होंने अपने को बाहर निकाले जाने से मना कर दिया और यद्यपि बहुत ही खून निकल रहा था उन्होंने अपनी प्लाटून की कमान करना जारी रखा। शत्रु की सेना को भगा देने के पश्चात ही वे बेहोश होकर गिर पड़े।

कार्यवाहियों के दौरान लांस हवलदार नौबत राम ने भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुकूल साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा का परिचय दिया।

6. लेफ्टिनेंट कर्नल मदन मोहन सिंह बख्शी (आई सी—1697) हडसन्ज हार्स (4 हार्स)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

लेफ्टिनेंट कर्नल मदन मोहन सिंह बक्शी की कमान में हडसन्ज हार्स को 11 सितम्बर 1965 को फिल्लौरा पर ब्रिगेड के आक्रमण के दौरान एक आर्मड ब्रिगेड के बायें पहलू की रक्षा करने का कार्य सौंपा गया और उसे शत्रु के पीछे हटते हुए बख्तरबन्द दस्ते को गदगोर-फिल्लौरा सड़कों के एक ओर रास्ते में ही रोक लेने को भी कहा गया। जब स्क्वाड्रन आगे बढ़ रहे थे रेजिमेंट हैडक्वार्टर्ज होने वाली बख्तरबन्द लड़ाई के लिये उचित स्थान की देख-भाल कर रहे थे। लेफ्टिनेंट कर्नल बक्शी ने अचानक शत्रु के पैटन टैंकों की एक स्क्वाड्रन को लिब्बे-फिल्लौरा सड़क की एक ओर गोलाबारी करने की स्थिति में देखा। बिना घबराये उन्होंने उनसे मुकाबला किया और शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिये। शीघ्र ही शत्रु के स्क्वाड्रन अन्य टैंकों ने अपनी तोपों के मुंह लेफ्टिनेंट कर्नल बक्शी के टैंक की ओर फेर दिये। इसकी तनिक परवाह किये बिना लेफ्टिनेंट कर्नल बक्शी शत्रु के टैंकों के बीच में से जाते हुए हमला करने के लिये आगे बढ़े, यद्यपि इस समय तक उनके टैंक पर दो गोले लग चुके थे। इन कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने एक ही टैंक से बहादुरी के साथ हमला किया, सड़क पार की और शत्रु के एक और टैंक को नष्ट कर दिया। जब उनके टैंक पर चौथा गोला लगा था और उसे आग लग गई जिस पर उन्होंने जवानों को बाहर कूदने को कहा। जब लेफ्टिनेंट कर्नल बक्शी और उनके जवान ऐसा कर रहे थे तो उन पर मशीनगन से भारी गोलाबारी होने लगी और उन्हें शत्रु टैंकों के सैनिकों ने घेर लिया जो कि पहले ही अपने जलते हुए टैंकों से बाहर कूद चुके थे। लेफ्टिनेंट कर्नल बक्शी और उनके जवान पकड़ में न आये और निकट ही गन्ने के खेत में छिप गये जहां से उन्हें 17 हार्स के आगे बढ़ते हुए टैंकों ने आकर निकाला। इसी बीच हैडसन्ज हार्स की एक स्क्वाड्रन आगे बढ़ी और शत्रु के बख्तरबन्द दस्ता से टक्कर ली और इससे शत्रु का ध्यान अपने कमांडिंग आफिसर से हटा दिया। इसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल ने रेजिमेंट की कमान संभाली। इनके उत्साह वर्धक नेतृत्व ने फिल्लौरा पर कब्जा करने में बड़ा योगदान दिया।

भारी कठिनाइयों के बावजूद लेफ्टिनेंट कर्नल मदन मोहन सिंह बक्शी ने जिस उदाहरणीय साहस, दृढ़ संकल्प और नुतृत्व का परिचय दिया वे भारतीय सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप थे।

7. लेफ्टिनेंट कर्नल पागदाला कुप्पूस्वामी नन्दगोपाल (आई सी—5499), सिख लाईट इन्फेंट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 सितम्बर, 1965)

लेफ्टिनेंट कर्नल पागदाला कुप्पूस्वामी नन्दगोपाल 28 सितम्बर, 1965 को, सिख लाईट इन्फेंटरी रेजिमेंट की एक बटालियन के कमान अफसर थे। उनको आज्ञा मिली कि पहले वे दो महत्वपूर्ण पहाड़ी ठिकानों को अपने अधिकार में ले लें ताकि जम्मू एवं कश्मीर के एक ठिकाने पर कब्जा किया जा सके, जिसे पाकिस्तानी सेना ने युद्ध विराम की अवहेलना करके कब्जे में ले लिया था। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल ने स्वयं इस आक्रमण का नेतृत्व किया और दोनों ठिकानों पर कब्जा कर लिया। इस पर शत्रु ने भारी तोपखाना लाकर तीन जवाबी हमले किए। इनमें से दो जवाबी हमले विफल बना दिए गए लेकिन भारी हताहतों और शत्रु के दबाव के कारण हमारी सेना को एक पहाड़ी ठिकाने से पीछे हटना पड़ा। इस अवसर

पर लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल ने बड़े धैर्यपूर्वक और प्रत्युत्पन्नमति का परिचय देते हुए शत्रु के बढ़ाव को रोके रखा और अपनी स्थिति मजबूत की । 3-4 अक्तूबर 1965 की रात को लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल की बटालियन को एक महार बटालियन की सहायता से आक्रमण करके उसी ठिकाने को खाली कराने का कार्य सौंपा गया। शत्रु के भारी विरोध और गोलाबारी के होते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल की बटालियन ने 4 अक्तूबर 1965 को सुबह 6-30 बजे तक अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसी बीच शत्रु ने महार बटालियन को पीछे धकेल दिया और उस ठिकाने पर कब्जा करने की हमारी योजना को मटियामेंट कर दिया । शत्रु के तोपखाने की भारी गोलाबारी और पदाति सेना के विरोध के मुकाबिले में सिख लाइट इन्फेंटरी उस दुर्गम ढलाव पर ऊपर चढ़ती गई। इन हताहतों और शक्तिशाली विरोध के होते हुए भी लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल के नेतृत्व और उत्साह के कारण यह सेना आगे बढ़ती गई और उसी दिन सांय 6 बजे तक तीन अन्य महत्त्व-पूर्ण ठिकानों पर कब्जा करने में सफल हो गये। शत्रु ने बड़ी संख्या में तोपखाने की गोलाबारी द्वारा तीन जवाबी हमले किए। लेकिन इन सभी को शत्रु की भारी संख्या हताहत करते हुए विफल कर दिया गया। एक मौके पर तो लेफ्टिनेंट कर्नल नन्दगोपाल ने स्वयं एक अग्रिम कम्पनी का नेतृत्व किया और उन्हें शत्रु से हताश हाथापाई करनी पड़ी । इसमें उनके चेहरे और सिर पर फलके से दो गहरे घाव लगे।

भारी हताहतों और थकान के बावजूद बटालियन ने अपने आप को अगले धावे के लिए संगठित किया । पाकिस्तानी आक्रान्ताओं को 5 अक्तूबर 1965 को सुबह साढ़े छः बजे इस ठिकाने से बिल्कुल खदेड़ दिया गया ।

इन कार्रवाइयों में लेफ्टिनेंट कर्नल पागदाला कुप्पूस्वामी नन्दगोपाल ने प्रशंसनीय साहस, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया । उनकी वीरता उनके जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत थी और उन्होंने आदर्शनीय ढंग से उसका अनुसरण किया ।

8. कैप्टेन गौतम मोबायी (आई सी—15689), 2री बटालियन, डोगरा रेजिमेंट ।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 नवम्बर, 1965)

2-3 नवम्बर, 1965 की रात को डोगरा रेजिमेंट की एक कम्पनी को, जिसकी एक प्लाटून का नेतृत्व कैप्टेन गौतम मोबायी कर रहे थे, मेंढर क्षेत्र के (जम्मू एवं काश्मीर) एक ठिकाने को अधिकार में लेने की आज्ञा मिली । इसे पाकिस्तानी सेना ने युद्ध विराम की अवहेलना करके अधिकार में ले लिया था और वह शत्रु की अभेद्य रक्षा व्यवस्था का एक अंग बन चुका था। उनका लक्ष्य बंकरों की एक शृंखला थी जिसके आस-पास शक्ति-शाली बचाव के लिए सुरंगों और तारों की रुकावटें थीं । इसका स्वचालित तथा मार्टर और तोपखाने की सहायक रक्षा गोलाबारी के सुदृढ़ समन्वय से पूरा बचाव था। जब शत्रु की निरन्तर गोलाबारी और सुरंगों से हुए भारी हताहतों के फलस्वरूप उसकी कम्पनी का हमला रुक गया तो कैप्टेन गौतम मोबायी ने अड़चनों को दूर करते हुए पुल के दूसरी ओर जहां शत्रु का जोर था वहां मोर्चाबन्दी के लिए अपनी प्लाटून की सेवाएं अर्पित की । वे रेंग कर आगे बढ़े, उन्होंने स्वयं तार काटा और सुरंगों पर होकर अपनी प्लाटून को आगे बढ़ा ले गए। एक सुरंग से उनका पैर अत्यधिक घायल हो गया । अपने घाव की परवाह न करते हुए वे अपने जवानों को उत्साहित करते हुए आगे बढ़ते रहे। इस साहसिक कार्रवाई द्वारा अपने कुछ मुट्ठी भर बचे जवानों के साथ उन्होंने अपने लक्ष्य के एक भाग पर कब्जा करके दूसरी ओर एक मोर्चाबन्दी कर ली। शत्रु की एक हल्की मशीन गन एक सैन्यपंक्ति नाशक-स्थिति में गोलाबारी कर रही थी, जिसके कारण उनके और अधिक जवान हताहत हुए। उन्होंने इस बंकर को ठंडा करने के लिए आगे बढ़ कर एक हथगोला फेंका। शत्रु के हथगोलों और भारी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने अपनी क्षीण मोर्चाबन्दी को कायम रखा। उन्होंने वहां से हटने या यहां तक कि आड़ लेने से भी इन्कार कर दिया। वह एक चौकी से दूसरी चौकी पर जा-जा कर अपने जवानों को जमे रहने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। इससे उस कम्पनी को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिली । वह तब तक अपने जवानों से आगे बढ़ने के लिए अनुरोध करते रहे जब तक कि एक ब्राउनिंग मशीन गन के गोले के टुकड़े से वह प्राण-घातक रूप से घायल नहीं हो गये । कैप्टेन गौतम मोबायी ने अदम्य साहस और प्रेरणादायी नेतृत्व का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की परम्परा के अनुकूल महान बलिदान दिया ।

9. 9025630 नायक दर्शन सिंह, 5 वीं बटालियन, सिख 3 लाइट इन्फेंट्री ।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 नवम्बर, 1965)

2-3 नवम्बर, 1965 की रात्रि को नायक दर्शन सिंह सिख लाइट इन्फेंट्री की कम्पनी के एक अग्रवर्ती सेक्शन की कमान कर रहे थे। उन्हें एक बंकर को सफाया करने का आदेश दिया गया था, जहां युद्ध विराम की अवहेलना कर पाकिस्तानी सेना ने एक ब्राउनिंग मशीन गन लगा रखी थी। उनके पहुंचने का रास्ता बहुत कठिन और ढलवां-प्रदेश वाला था, जिसमें काफी सुरंगें और तार लगाए हुए थे और वह छोटे हथियारों की गोलाबारी के प्रभाव में आता था। उनके एक जवान ने जब उन्हें सुरंग-क्षेत्र के बारे में बतलाया तो उन्होंने अपने जवानों का शत्रु पर आक्रमण करने में नेतृत्व किया। एक सुरंग से उनकी बाईं टांग उड़ गई। उन्होंने वहां से हटने से इन्कार कर दिया किन्तु रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे और अपने जवानों को धावा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते रहे ताकि उनकी शेष प्लाटून और कम्पनी उनके साथ आक्रमण कर सके। तार की बाड़ तक आ जाने पर वे रेंगते हुए आगे बढ़े और तार काट दिये। इस काम के दौरान एक दूसरी सुरंग का विस्फोट हुआ जिससे वे सख्त घायल हो गए। अपने घावों की परवाह न करते हुए उन्होंने स्वयं को शत्रु के एक बंकर में ढकेल दिया और उसके अन्दर एक हथगोला फेंका । उनकी इस कार्रवाई से प्रोत्साहित होकर उनके सेक्शन के शेष बचे हुए जवानों ने शत्रु के दूसरे बंकर पर धावा बोल दिया और शत्रु की ब्राउनिंग मशीनगन को शान्त कर दिया। इस समय तक उनका पूरा सेक्शन हताहत हो चुका था लेकिन उन जवानों ने कम्पनी की कार्रवाई में सफलता पाने का द्वार खोल दिया । नायक दर्शन सिंह ने, अपनी अनुगामी सेना को उस रास्ते से आगे बढ़ने के लिए चिल्ला कर कहा जहां कि सुरंगों को उनके सेक्शन ने साफ कर दिया था और फिर वह वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अपनी कम्पनी की सफलता के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया और भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुसार उच्च कोटि के साहस और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

सं० 10-प्रज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को, पाकिस्तान के विरुद्ध हाल में हुई संक्रिया में, प्रदर्शित वीरता के लिए "महावीर चक्र" का बार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

स्क्वाड्रन लीडर जग मोहन नाथ (3946), एम० वी०सी०, जनरल ड्यूटीज (पायलट) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की कार्यवाहियों में, कैनबरा यूनिट के कमांडिंग अफसर, स्क्वाड्रन लीडर जग मोहन नाथ शत्रु के इलाके पर कई मिशनों पर गये और शत्रु के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की । सारे मिशन युद्ध संबंधी देखभाल करने के लिए थे । इसलिये शत्रु के इलाके पर बड़ी दूर तक और उसके सुरक्षित हवाई अड्डों और इन्स्टालेशनों पर अपनी रक्षा करने वाली टुकड़ी के बिना

और दिन में उड़ानें भरनी थीं। यद्यपि स्क्वाड्रन लीडर नाथ भली प्रकार जानते थे कि हरेक मिशन पर जान में खतरे ही खतरे थे फिर भी उस समय तक उन्होंने अपने स्क्वाड्रन पायलटों को तैनात न कर सभी खतरे स्वयं अपने ऊपर लिये जब तक कि उन्हें उनमें से कुछ एक मिशनों पर अपने साथियों को भेजने के लिये न कहा गया।

अपने मिशनों से जो जानकारी उन्होंने प्राप्त की वह इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसके बिना शत्रु के हवाई अड्डों और इनस्टालेशनों पर हमारे हमले इतने सफल अथवा विनाशकारी न होते। वास्तव में उनके मिशनों ने वायुयानों को ठीक निशानों पर आक्रमण करने के योग्य बनाया जिनको नष्ट करना पाकिस्तान के युद्ध प्रयत्नों में अवश्य रूप में बाधा डालना था।

स्क्वाड्रन लीडर जग मोहन नाथ ने उच्चतम साहस, दृढ़ निश्चय और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

सं० 11-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "अशोक चक्र, द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 श्री जियालाल गुप्ता,
सहायक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर,
पुंछ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—30 अक्तूबर, 1965)

पुंछ बिजली घर को पानी पहुंचाने वाली पुंछ हायडल नहर, जो पाकिस्तानी अधिकृत काश्मीर से बह कर आती है, 25 अक्तूबर, 1963 को पाकिस्तानियों ने तोड़ दी जिससे पुंछ सीमा पर स्थित शहर में बिजली बन्द हो गई। 30 अक्तूबर 1963 को पुंछ के असिस्टेण्ट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, श्री जिया लाल गुप्ता की निगरानी में युद्ध-विराम रेखा के इस पार दूसरी नहर बनाने के काम में बहुत संख्या में असैनिक श्रमिक लगाए गए परन्तु पाकिस्तानी सेना की निरन्तर गोलीबारी के फलस्वरूप उस काम को छोड़ना पड़ा। पाकिस्तानी सेना की भारी गोलीबारी से अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना श्री गुप्ता पुंछ हायडल चेनल के इंचार्ज, श्री खेमराज तथा दलान गांव के सरपंच गुलाम दीन के साथ अपने आदमियों को फिर वहां लेकर गये और दूसरी नहर बना दी। जब तक सारा काम खत्म नहीं हो गया और सारे मजदूर सुरक्षित वापिस नहीं चले गए तब तक श्री गुप्ता उस स्थान से नहीं लौटे। श्री जिया लाल गुप्ता के उत्कृष्ट साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा के फलस्वरूप ही काम समाप्त हुआ और थोड़े समय में ही उस शहर में पुनः बिजली की व्यवस्था की जा सकी।

2 श्री तिलक राज खन्ना,
लोको फोरमैन, उत्तरी रेलवे,
फिरोजपुर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तानी वायुयानों ने 8 सितम्बर 1965 को फिरोजपुर छावनी के लोकोमोटिव शैड पर भारी बमवर्षा की। फलस्वरूप लोकोमोटिव तथा तेल के गोदाम में आग लग गई और पटरी तथा अन्य संस्थापनों को भारी क्षति पहुंची। लोको फोरमैन श्री तिलक राज खन्ना घायल हो गये परन्तु अपने घावों की परवाह न करते हुए, उन्होंने आग बुझाने और ज्वलनशील पैट्रोल और तेल को हटाने का प्रबन्ध किया हालांकि शत्रु के वायुयान उस क्षेत्र के चक्कर लगा रहे थे।

उनकी इस समयोचित कार्रवाई से आग सीमित रही और सम्पूर्ण लोकोमोटिव शैड नष्ट होने से बचाने में वह सफल हुए। अपने घावों की परवाह न करते हुए वह सारी रात और अगले दिन ड्यूटी पर डटे रहे और इस प्रकार उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया।

3 श्री प्रतापा, ड्राईवर,
उत्तरी रेलवे, बारमेर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 सितम्बर, 1965)

9 सितम्बर 1965 को सैनिक सामान को ले जा रही एक विशेष मालगाड़ी के ड्राईवर की हैसियत से काम करते हुए श्री प्रतापा गदरा रोड के बाहिर के सिगनल के पास पाकिस्तानी गोलाबारी से घायल हो गये। अपनी चोट तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना शत्रु की गोलाबारी के बीच उन्होंने अपनी गाड़ी को अभीष्ट स्थान तक पहुंचा दिया।

श्री प्रतापा के साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा से औरों में विश्वास उत्पन्न हुआ और वह महत्वपूर्ण सैन्य सामग्री पहुंचाने में सफल हुए।

सं० 12-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिए "अशोक चक्र, तृतीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 श्री खेम राज,
इन्चार्ज, हायडल चेनल, पुंछ।

2 श्री गुलाम दीन,
सरपंच, दल्लन गांव।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—25 अक्तूबर, 1963)

पाकिस्तानियों ने 25 अक्तूबर, 1963 को पुंछ बिजली घर को पानी देने वाली हायडल नहर, को क्षति पहुंचाई जो पाक अधिकृत कश्मीर से आती है। फलस्वरूप पुंछ क्षेत्र के सीमावर्ती कस्बों में अंधेरा छा गया।

युद्ध-विराम रेखा की भारतीय सीमा में दूसरी नहर को बनाने के लिए असैनिक मजदूरों को 30 अक्तूबर, 1963 को श्री जियालाल गुप्त, सहायक-विद्युत इंजीनियर, पुंछ की देख-रेख में लगाया गया। परन्तु पाकिस्तानी सेना की लगातार गोलाबारी के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा। इस अवस्था में अपने जीवन पर गम्भीर खतरे की परवाह न कर श्री खेम राज, इंचार्ज हायडल नहर, पुंछ और दल्लन गांव के सरपंच श्री गुलाम दीन एक बार फिर मजदूरों को वहां ले गए और दूसरी नहर बनवा कर 2 नवम्बर, 1963 को पुनः बिजली चालू की।

इस काम में श्री खेम राज और श्री गुलाम दीन ने अपनी जान को जोखिम में डालकर साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया। गोली लगने पर भी श्री गुलाम दीन निर्भीक बने रहे।

3 सं० 1407578 नायब सूबेदार लहौरा सिंह,
इंजीनियरस।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 जुलाई, 1964)

नायब सूबेदार लहौरा सिंह, जो कि एक फील्ड कम्पनी के साथ कार्य करने के लिये लगाये हुए थे, 2 जुलाई, 1964 को जोशी-मठ-माना सड़क पर बेनाकुली के निकट डोज़र चला रहे थे। उन्होंने डोजर इसलिये चलाना शुरू किया था क्योंकि ओपरेटर ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रहे थे। और वह निजी उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते थे। जब वह सड़क के एक हिस्से पर डोजर चला रहे थे, अचानक ही बाईं ओर की सहारा देनेवाली दीवार गिर गई। मशीन ढलान की ओर फिसलने लगी। मशीन के निकट खड़े व्यक्तियों ने चिल्ला कर उन्हें मशीन को छोड़ देने और बाहर कूद जाने को कहा। नायब सूबेदार लहौरा सिंह कूद सकते थे परन्तु बड़े साहस के साथ वह फिसलती हुई मशीन को बचाने का प्रयत्न करते रहे। वह मशीन को संभाले रहे। आखिर वह उलट गई और अलकनन्दा नदी में जा गिरी और नायब सूबेदार लहौरा सिंह की मृत्यु हो गई। उन्होंने उदाहरणीय साहस और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया जो कि भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुरूप है।

4 **सैकेंड लेफ्टिनेंट जगदीश प्रसाद जोशी,** (इ-सी० 54547) **तोपखाना रैजिमेंट ।**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—25 अप्रैल, 1965)

24-25 अप्रैल, 1965 की रात को एक गाड़ी के साथ एक गन जुड़ी थी और उस पर 25 पौंड वाला गोला बारूद लदा था और यह गाड़ी जब एक काफिले के साथ गंटोक-नाथुला सड़क पर जा रही थी, तो उसमें आग लग गई। आग बहुत तेजी से फैल गई। थोड़ी-सी देर में गाड़ी में आग की लपटें फैल गई और आग गोला-बारूद के संदूकों तक पहुंच गई। अन्य गाड़ियां जिनमें गनें जुड़ी थीं एवं गोला-बारूद भरा था इस जलती गाड़ी के पीछे थीं। थोड़ी दूरी पर दूसरे यूनिट के आवस तथा भण्डार बंकर और मोटर गाड़ियों का पार्क था ।

आग लगने की चेतावनी को सुनकर सैकंड लेफ्टिनेन्ट जगदीश प्रसाद जोशी अग्नि स्थल पर पहुंचे। अपने प्राणों पर गम्भीर खतरा लेकर वह जलती हुई गाड़ी के अन्दर घुस गए और जलते हुए सन्दूकों को उतारने लगे। उनके इस कार्य से दूसरे उपस्थित सैनिकों को भी ऐसा करने की प्रेरणा मिली। जब आग अत्यन्त तीव्र थी तब भी वह अकेले ही गोला-बारूद के संदूकों को उतारने में जुटे रहे। कम्बल को लपेटकर वह बार-बार धधकती आग में गये और इस प्रकार उन्होंने गोला-बारूद का बहुत बड़ा भाग बचा लिया। वह इस काम में तब भी लगे रहे जबकि गोला-बारूद का कुछ हिस्सा जलने लगा था। इस प्रकार उन्होंने न केवल अनेकों जानें ही नहीं बचाई बल्कि अमूल्य सरकारी सम्पत्ति को गहरी क्षति से बचाया ।

इस कार्य से सैकंड लेफ्टिनेन्ट जगदीश प्रसाद जोशी ने धैर्यपूर्ण साहस और उदाहरणीय कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जो भारतीय सेना के उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है ।

5 श्री जयदेव शर्मा,
स्टेशन मास्टर, उत्तरी रेलवे,
सरना ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1965)

8 सितम्बर, 1965 को जब कि एक विशेष सैनिक गाड़ी से उतारा हुआ फौजी टैंक हटाया जा रहा था, तभी मार्ग धंस गया और टैंक में आग लग गयी ।

आग देखकर और क्षति की आशंका से श्री जयदेव शर्मा तत्काल ही घटनास्थल पर गए और निजी सुरक्षा की किंचित परवाह न करते हुए शेष गाड़ी को सुरक्षित स्थान की ओर हटा ले जाने की व्यवस्था की और इस प्रकार आग लगने तक क्षति न्यूनतम रह गई। यदि श्री शर्मा समय पर कार्रवाई न करते तो सम्भवतः गाड़ी की अत्यधिक क्षति होती ।

6 श्री चेतन राम,
स्थाई वे इन्स्पेक्टर, विशेष ड्यूटी,
जोधपुर डिवीजन, उत्तरी रेलवे, बाड़मेर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

11 सितम्बर, 1965 से श्री चेतन राम को गदरा रोड रेलवे स्टेशन पर लगाया गया। जब स्टेशन पर बम बरसाये जा रहे थे और गोलाबारी की जा रही थी तब वह अपने अधीन रेलवे लाइन पर घूमते रहे और रेलवे की लाइन की विशेष देखभाल का प्रबन्ध करते रहे और उन्होंने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि सेक्शन में सैनिक स्पेशल गाड़ियों के आने जाने के लिये रेल की पटरी ठीक हालत में रहे। जब एक दुर्घटना के कारण मुख्य लाइन को हानि पहुंची तो उन्होंने शत्रु द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के लगातार खतरे के बावजूद एक दूसरी लाइन बिछाने में अपूर्व साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

श्री चेतन राम प्रतिदिन न केवल रेल लाइन की देखभाल के लिये अपितु रेगिस्तानी क्षेत्र में सैनिकों को पानी पहुंचाने के लिये भी अग्रिम मोर्चों तक पैट्रोल गाड़ियों के साथ जाते रहे ।

7 पी बी/एस डी/1148011/सार्जेंट प्रताप सिंह,
एन० सी० सी० ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 सितम्बर, 1965)

13 सितम्बर, 1965 को चार पाकिस्तानी विमानों ने गुरदासपुर रेलवे स्टेशन पर एक माल गाड़ी पर बम गिराये जो कि डीजल तेल, गोला बारूद और आग लगने वाला सामान ले जा रही थी। इससे डीजल तेल से भरे गाड़ी के डिब्बे को आग लग गई। जलते हुए तेल से बड़े-बड़े शोले उठ रहे थे और रेल की पटरी के इर्द-गिर्द के इलाके में घना धुआं फैल गया जिससे इलाके में डर और घबराहट फैल गई ।

लगभग अन्य 59 एन० सी० सी० कैडटों को एकत्रित कर सार्जेंट प्रताप सिंह आग के स्थान पर पहुंचे। अपनी निजी रक्षा की चिन्ता न करते हुए सार्जेंट प्रताप सिंह के उत्साहवर्धक नेतृत्व में कैडट जलते हुए गाड़ी के डिब्बे से उन डिब्बों को अलग करने के काम में जुट गये जिन्हें आग न लगी थी और उन्हें अलग करने में धकेल कर सुरक्षित जगह पर ले जाने में सफल हो गये। इस कार्यवाही में सार्जेंट प्रताप सिंह ने नेतृत्व, साहस और परम-शक्ति का प्रदर्शन कर अन्य कैडटों के लिये उत्साहवर्धक उदाहरण प्रस्तुत किया ।

सं० 13-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य-परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 मेजर जगत मोहन वोहरा (आई० सी०–4767),
दक्कन हार्स (9 हार्स) ।

12 सितम्बर, 1965 को मेजर जगत मोहन वोहरा खेमकरन डिस्ट्रीब्यूटरी पर हमले के समय दक्कन हार्स के स्क्वाड्रन कमाण्डर थे। पाकिस्तानी सेना उनकी स्क्वाड्रन पर बड़े जोर की गोलाबारी करने लगी और उनकी आधी सेना मारी गई। इस भारी हानि के बावजूद उन्होंने एक बार फिर आक्रमण किया और शत्रु की चौकियों पर तोपों से गोले बरसाये। इस कार्यवाही में शत्रु की गोली से वह घायल हो गये परन्तु वह तब तक लड़ते ही रहे जब तक उन्हें पीछे हटने का आदेश न मिला ।

इस कार्यवाही में मेजर जगत मोहन वोहरा ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

2 मेजर राजपाल सिंह (आई० सी०–12369),
1ली बटालियन, गार्ड्स ।

जम्मू एवं काश्मीर के कारगिल क्षेत्र में मेजर राजपाल सिंह गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन में कम्पनी कमाण्डर थे। 5 जून, 1965 को आक्रमण के दूसरे दौर में उन्हें दो पहाड़ी ठिकानों पर, जिन पर शत्रु की एक शक्तिशाली टुकड़ी का अधिकार था, कब्जा करने का कार्य सौंपा गया। आक्रमण का पहला दौर समाप्त होने तक उजाला हो चुका था। और आक्रमण का दूसरा दौर पूरा करना अधिक खतरनाक हो गया था। स्थिति को भली प्रकार जानते हुए भी मेजर राजपाल सिंह ने अपनी कम्पनी को शत्रु को निकाल बाहर करने और अपना कार्य पूरा करने का आदेश दिया। शत्रु की चौकी, विशेषकर हल्की मशीन गन चौकी से लगातार और ठीक-ठीक निशाने की गोलाबारी से तलहटी की पास आक्रमण रुक गया। अपने प्राणों की परवाह किये बिना मेजर राजपाल सिंह ने हल्की मशीन गन चौकी को स्वयं नष्ट करने का निश्चय किया। उन्होंने अपनी कम्पनी को आवश्यक गोलाबारी करने का आदेश दिया और शत्रु की गोलाबारी के बावजूद उन्होंने लक्ष्य की ओर रेंगना आरम्भ कर दिया। उन्होंने एक हथ गोला शत्रु की चौकी पर फेंका और मशीन गन शान्त होने तक ऐसा करते रहे ।

मेजर राजपाल सिंह की सुदृढ़ शत्रु के सम्मुख इस कार्यवाई ने उनके जवानों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ।

3. सैकंड लेफ्टिनेंट सुरेन्द्र कुमार नन्दा (ई० सी०-56435), 1ली बटालियन, गार्ड्स ब्रिगेड ।

सैकंड लेफ्टिनेन्ट सुरेन्द्र कुमार नन्दा जम्मू एवं कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में गार्ड्स के ब्रिगेड की एक बटालियन में प्लाटून कमाण्डर थे । 5 अगस्त, 1965 को उन्हें एक पहाड़ी स्थान पर कब्जा करने को कहा गया जहां शत्रु की एक मजबूत सैक्शन चौकी थी । इस ओर अन्य दो चौकियों से हो रही भारी गोलाबारी के कारण उनकी प्लाटून को ध्येय से लगभग 100 गज की दूरी पर रुकना पड़ा । अपनी जान की परवाह न करते हुए सैकंड लेफ्टिनेन्ट नन्दा शत्रु की चौकी की ओर आगे बढ़े और हमला कर दिया । इस साहस पूर्ण कार्य से प्रेरित होकर प्लाटून उनके पीछे चली । इस कार्यवाही में सैकंड लेफ्टिनेन्ट नन्दा की रान में भारी घाव आया । अपने इस घाव की ओर ध्यान न देते हुए, वह रेंगते हुए 50 गज और आगे बढ़े और शत्रु पर गोली चलाते रहे जब तक कि उनकी प्लाटून ने पहाड़ी पर अधिकार न कर लिया ।

सैकंड लेफ्टिनेन्ट सुरेन्द्र कुमार नन्दा ने इस कार्यवाही में भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुकूल साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

4. सैकंड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह (ई० सी०-59373), 1ली बटालियन, गार्ड्स ब्रिगेड ।

सैकंड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह 4-5 जून, 1965 की रात को गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन का नेतृत्व कर रहे थे । इस बटालियन को जम्मू एवं कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी ठिकानों पर आक्रमण करने का आदेश दिया गया । सैकंड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह की कम्पनी को प्रथम चरण में काला पहाड़ पर कब्जा करना था । यह स्थान 12000 फुट की ऊंचाई पर है और इस पर पहुंचना अत्यन्त कठिन है । जब कम्पनी अपने लक्ष्य से लगभग 100 गज की दूरी पर थी तो शत्रु की लगातार हल्की और मझौली मशीन गन की गोलाबारी से आगे बढ़ना रुक गया । सैकंड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह ने सूझ-बूझ से काम लिया । वे रेंगते हुए शत्रु के बंकर तक पहुंचे और एक हथगोला फेंका । ऐसा करते हुए उनके मुंह के दाहिनी ओर शत्रु की हल्की मशीन गन का गोला लगा । सख्त घायल होने के बावजूद उन्होंने बाएं हाथ में एक और हथगोला लिया और शत्रु पर टूट पड़े उनके शरीर से खून की धारा निकल रही थी और वह बेहोश हो गए । परन्तु उनके साहस ने शत्रु की हल्की मशीन गन को ठंडा कर दिया जिससे बाद में उनकी कम्पनी अपना लक्ष्य प्राप्त करने में समर्थ हो गई ।

5. 2438488 हवलदार जरनैल सिंह, 16वीं बटालियन, पंजाब रेजिमेंट ।

10 सितम्बर, 1965 को हवलदार जरनैल सिंह, कार्यकारी प्लाटून कमांडर, को लाहौर क्षेत्र में बरकी के पास इच्छोगिल नहर के इस तरफ के किनारे को जो नहर के पुल से तीन सौ गज उत्तर में था, कब्जा करने का आदेश मिला । ज्यों ही उनकी प्लाटून बरकी गांव से बाहर निकली त्यों ही उसे गोलियों की बौछारों और शत्रु की तोपों के तीव्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ा । नहर के किनारे के साथ दिखाई पड़ने वाले शत्रु के बंकरों से गोलाबारी होने के बावजूद, उन्होंने अपनी प्लाटून को इकट्ठा किया और 600 गज की एक खुली जगह से आक्रमण का नेतृत्व किया । जैसे ही उन्होंने लक्ष्य स्थान पर कब्जा किया वैसे ही उन्होंने देखा कि उनकी प्लाटून का एक सेक्शन मैदान के बीच में पहुंच चुका था । उत्कृष्ट साहस के साथ वह शत्रु की तोपों से उगलती आग के बीच में से वापस गए और स्वयं उस सेक्शन को अपने ठिकाने पर ले आए । उनकी वापसी पर उनके ठिकाने पर शत्रु ने दूर किनारे से तोपखाने से मार्टर और टैंकों द्वारा बमबारी की, परन्तु वे निरन्तर अपने लक्ष्य पर डटे रहे । बाद में जबकि शत्रु के सिपाही जवाबी हमला करने के लिए लड़ाकू नावों से नहर पार करने का प्रयत्न कर रहे थे उन्होंने स्वयं अपने विवेक से उनसे सफलता पूर्वक युद्ध किया और उनकी योजना को मिट्टी में मिला दिया ।

उनकी वीरता और नेतृत्व के बिना कम्पनी कभी भी उस लक्ष्य को प्राप्त कर उस पर कब्जा न कर सकती थी ।

6. 2751734 लांस नायक केशवराव सालुंके, 22वीं बटालियन, मराठा लाइट इन्फेंट्री । **(मरणोपरान्त)**

लांस नायक केशवराव सालुंके एक गश्ती दल के सदस्य थे जिसे 5 अगस्त, 1965 को उन पाकिस्तानी घुसपैठियों को ढूंढ निकालने और नष्ट करने के लिए भेजा गया था जिनके जम्मू एवं कश्मीर के धबरोट नामक गांव में एकत्रित होने की सूचना मिली थी वह गश्ती दल के स्काउट ग्रुप का नेतृत्व कर रहे थे और उन पर शत्रुओं ने, जो 100 के लगभग थे, निकट फासले से मझौली मशीन गनों, राइफलों और हथगोलों से गोलाबारी की । ये स्काउट पहाड़ी पर काफी ऊंचे पर थे और गश्त के अन्य सदस्य थोड़े फासले पर उनके पीछे-पीछे आ रहे थे । लांस नायक केशवराव सालुंके ने यह अनुभव किया कि गश्ती दल को बचाने का एक मात्र रास्ता यही है कि शत्रु पर फौरन धावा बोल दिया जाए भारी गोलाबारी और शत्रु की संख्या की परवाह न करते हुए उन्होंने और उनके स्काउटों ने शत्रु के ठिकानों पर हमला बोल दिया जिसका परिणाम यह हुआ कि शत्रु की सेना तितर-बितर हो गई और भाग खड़ी हुई । गश्त के अन्य जवान भी इस हमले में स्काउटों से आ मिले और 2 हल्की मशीन गनें, 1 राइफल और बहुत सा गोला बारूद एवं उपस्कर कब्जे में ले लिया गया । लांस नायक केशवराव सालुंके ने इस कार्रवाई में वीरगति पाई तथापि उन्होंने महान साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

7. 2450674 लांस नायक अनन्त राम, 19वीं, बटालियन, पंजाब रेजिमेंट ।

लांस नायक अनन्त राम जम्मू एवं कश्मीर में उड़ी क्षेत्र में टोह लेने वाली पार्टी के हमला करने वाले दस्ते के एक जवान थे । 10 अगस्त, 1965 को जब पार्टी ने एक पैट्रोल अड्डे पर अधिकार कर लिया तो इस पर पाकिस्तानी सेना की ओर से छोटे हथियारों और मझौली मशीन गन से भारी गोलाबारी की जाने लगी । शत्रु की एक हल्की मशीन गन ने हमला करने वाले दस्ते को आगे बढ़ने से रोक दिया । अपनी निजी रक्षा की परवाह न करते हुए लांस नायक अनन्त राम रेंगते हुए शत्रु की हल्की मशीन गन चौकी पर पहुंचे, हथगोला फेंका और हल्की मशीन गन छीन ली ।

इस कार्यवाही में लांस नायक अनन्त राम ने सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुसार साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

8. 5737111 लांस नायक पूर्ण बहादुर गुरुंग, 6वीं बटालियन, 8 गोरखा राइफल्ज़ ।

18 सितम्बर, 1965 को गोरखा रेजिमेंट के बटालियन की एक कम्पनी में लांस नायक पूर्ण बहादुर गुरुंग एक सेक्शन की कमान कर रहे थे । उन्हें लाहौर क्षेत्र में अपर बारी द्वाब नहर के पुल पर कब्जा करने का आदेश दिया गया । यहां एक मझौली मशीन गन सेक्शन की सहायता से शत्रु की मजबूत प्लाटून ने पक्की खाइयों का मोर्चा बना रखा था । प्रगति धीमी थी और बहुत कठिनाई से लांस नायक पूर्ण बहादुर गुरुंग का सेक्शन पुल के पार हो गया, परन्तु मझौली मशीन गनों की भारी एवं सही गोलाबारी के बीच फंस गया । इस ओहदेदार और उसकी एक मात्र हल्की मशीन गन दल को छोड़ सेक्शन में तीन हताहत हुए । लांस नायक पूर्ण बहादुर गुरुंग ने अपने सेक्शन की हल्की मशीन गन उठाई और पीछे से गोलाबारी करते हुए मझौली मशीन गन चौकी पर धावा बोल दिया और शत्रु के कार्मिक-दल के तीन आदमियों को मौत के घाट

उतार दिया। परन्तु ऐसा करते हुए वह स्वयं घायल होकर गिर पड़े। उनके इस शौर्यपूर्ण कार्य के फलस्वरूप नहर के पार एक मजबूत मोर्चा स्थापित हो गया और शत्रु की सेना को तितर-बितर कर दिया।

9. 2745683 लांस नायक विश्वनाथ भोसले, 17वीं बटालियन, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

लांस नायक विश्वनाथ भोसले याक ला (सिक्किम) की चौकी पर तैनात राइफल टुकड़ी के सदस्य थे। 2 अक्तूबर, 1965 को एक चीनी दल ने जिसकी नफरी एक प्लाटून के बराबर थी बिना किसी चेतावनी के अग्रिम चौकी पर आक्रमण कर दिया। चौकी के कमाण्डर ने अग्रिम चौकी को आदेश दिया कि वह मुख्य चौकी से हो रही हल्की मशीन गन की गोलाबारी की आड़ में पीछे हट जाएं। वे मुख्य चौकी से लगभग 300 गज दूर एक झील के दक्षिणी सिरे पर पहुंच गए जब शत्रु की एक हल्की मशीन गन की गोली लांस नायक मलूकर को लगी और उनकी मृत्यु हो गई। तत्काल ही लांस नायक भोसले ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए, एक छोटे गोल पत्थर के पीछे मोर्चा सम्भाला और शत्रु दल पर गोली चलाना जारी रखा। उन्होंने वहां डटे रहने का निश्चय किया ताकि शत्रु उनके साथी के शव को न ले जा सकें। जब मुख्य चौकी से एक अन्य लांस नायक ने उन्हें बताया कि वह उनकी सहायता को आ रहा है तो लांस नायक भोसले ने उन्हें यह सोचकर इशारे से वापिस कर दिया कि कहीं उसे भी गोली न लग जाए। लांस नायक तब तक अपने मृत साथी के पास एक घंटे से अधिक डटे रहे जब तक कि एक सशक्त सहायता दल नहीं आ गया। उनकी बहादुरी, दृढ़ता और कर्त्तव्य-निष्ठा ने अपने शहीद साथी के शव को शत्रु के हाथों से बचा लिया।

10. 4153366 सिपाही शेर राम, कुमाऊं रेजिमेंट।

2 मई, 1965 को शाम के 5 बजे कुमाऊं रेजिमेंट की हमारी टोह लेने वाली एक टुकड़ी की पाकिस्तानी सैनिकों की एक प्लाटून से मुठभेड़ हुई जो जम्मू-कश्मीर में पीर की टेकरी में हमारे इलाके में घुस आई थी। आक्रमणकारियों को ठिकाने लगाने के लिए गये हमारे जवानों में से दो जवान मारे गये। तब पाकिस्तानी आक्रमण-कारियों ने छोटे दस्ते पर हमला किया परन्तु सिपाही शेर राम और एक अन्य सिपाही ने, जोकि ठीक उनके पीछे थे अपने स्थान पर डटे रहे और हथगोलों से शत्रु का हमला विफल कर दिया जिसके कारण शत्रु के सैनिक दस्ते भाग निकले। बाद में सिपाही शेर राम और उनका एक साथी दोनों जवानों की लाशें लाने के लिये आगे बढ़े। शत्रु द्वारा मझौली मशीन गन से की जा रही गोलाबारी के कारण उनका साथी घायल हो गया। इस भारी गोलाबारी के बावजूद सिपाही शेर राम एक लाश को निकाल लाये और फिर अपने साथी को बाहर निकाल लाये क्योंकि वह रीढ़ की हड्डी पर घाव आने के कारण चलने के लायक न था। इसके पश्चात वह तीसरी बार दूसरी लाश को निकाल लाने के लिये वापिस गये। जैसे ही उन्होंने लाश उठाई वैसे ही शत्रु ने राईफल ग्रेनेड से उनके दोनों पैरों को घायल कर दिया।

सिपाही शेर राम ने जो साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई वह सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप थी।

सं० 14-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "वायु सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. स्क्वाड्रन लीडर अरविन्द दलया (4025), जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

स्क्वाड्रन लीडर अरविन्द दलया दिसम्बर, 1963 से जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र में कार्यशील हैलीकाप्टर यूनिट की कमान करते रहे हैं। केवल थोड़े से प्रशिक्षित हवाई कर्मी और तक-नीकियों के साथ उन्हें एक नई यूनिट बनाने का काम सौंपा गया। क्योंकि वहां केवल उनकी ही हैलीकोप्टर यूनिट थी, इसलिये उन्हें उस क्षेत्र में भारी कर्त्तव्यों को निभाना पड़ा। उन्होंने सौंपे गए सभी कर्त्तव्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और यूनिट के सामरिक स्तर को ऊंचा उठाया।

जून, 1964 में उन्हें नंदा देवी अभियान दल के हताहत सदस्यों को निकाल लाने के लिए कहा गया। वह स्वयं हैलीकोप्टर उड़ा ले गए और हताहतों को सफलतापूर्वक निकाल लाए।

जून, 1965 में जब उनकी यूनिट के एक हैलीकोप्टर को कराकुरम पर्वतों में लगभग 15,000 फुट की ऊंचाई पर जबरन उतरना पड़ा तो वह तकनीकियों के एक दल के नेता के रूप में घटना-स्थल पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त हैलीकोप्टर के इंजन को बदलने के बाद उसे वापिस ले आए।

पाकिस्तान के विरुद्ध हाल के युद्ध में सियालकोट क्षेत्र में स्थल-युद्ध में हताहतों को वापिस लाने के लिए पास के क्षेत्र में शत्रु के वायुयानों की कार्रवाइयों के बावजूद उन्होंने अग्रिम क्षेत्रों में उड़ानें कीं।

स्क्वाड्रन लीडर अरविन्द दलया ने नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया।

2. स्क्वाड्रन लीडर कैलाश चन्द्र खन्ना (4722), जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

10 सितम्बर, 1965 को स्क्वाड्रन लीडर कैलाश चन्द्र खन्ना हलवारा से उड़ने वाली चार नेट विमानों की फार्मेशन के नं० 4 थे जो शत्रु के इलाके में बमबारी करने के लिए जाने वाले दो केनबरा सेक्शनों की रक्षा के लिए उड़ी थी। सब काम योजनानुसार हुआ और प्रथम केनबरा सेक्शन कसूर क्षेत्र के ठिकानों तक ले जाया गया और वापिस सुरक्षित लाया गया। वह दूसरे सेक्शन से मिले और फिर चारों नेट अपने लक्ष्य की ओर उड़े।

जब दो केनबरा विमानों ने बम गिराए तब शत्रु के दो विमानों को पीछे देखा गया। तभी स्क्वाड्रन लीडर खन्ना ने देखा कि उनके विमान का तेल खत्म होने वाला है और चेतावनी देने वाली बत्ती से यह पता चला कि जिस ऊंचाई और जिस गति से वे उड़ान कर रहे हैं उनमें वे सिरफ 3 मिनट ही उड़ान कर सकते हैं। नजदीक वाली हवाई पट्टी वहां से 80 मील थी।

केनबरा की रक्षा तथा उनकी अपनी आपत्कालीन स्थिति की ओर फार्मेशन लीडर का ध्यान न बटे इस लिये स्क्वाड्रन लीडर खन्ना ने अपनी दशा कमाण्डर को न बताने का निर्णय किया। जब केनबरा विमान सुरक्षा-पूर्वक अपने इलाके में वापिस लाए गए तब स्क्वाड्रन लीडर खन्ना ने अपने संकट की सूचना दी।

तब उन्होंने विमान ऊपर ले जाने तथा शेष तेल बचाने के लिए इंजन बन्द करने का निर्णय किया। तब उन्होंने अपना विमान हलवारा की ओर घुमाया और हवाई अड्डे के ऊपर इंजन फिर खोला। तेल की कमी के कारण इंजन से आग निकलने लगी और उन्होंने अपना विमान सफलतापूर्वक उतार दिया।

स्क्वाड्रन लीडर कैलाश चन्द्र खन्ना ने ऐसे कर्त्तव्यपालन तथा अनुशासन का परिचय दिया जो वायु सेना की परम्परा के अनु-रूप थे।

3. स्क्वाड्रन लीडर भगत सिंह बख्शी (4597), जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

स्क्वाड्रन लीडर भगत सिंह बख्शी ने तीन यूनिटों के एक हैली-कोप्टर टुकड़ी के प्रभारी अफसर का कार्य संभाला। इस टुकड़ी ने 567 उड़ानें भरीं और 18 अगस्त से 22 सितम्बर, 1965 तक छत्तीस दिनों की अवधि में 433 घण्टे उड़ान की।

इन वायुयानों ने तत्काल लाइनों के पीछे रसद गिराने, बम गिराने तथा गोलियों की बौछार करने की कार्रवाई की। वे आठ सौ बत्तीस हताहतों को निकाल कर लाए। उन्होंने बहुत से बम

गिराए तथा गोलियों के कई राउंड चलाए और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद तथा सप्लाई पहुंचाई। यह जम्मू एवं कश्मीर में हमारी बढ़ती हुई सेनाओं द्वारा हस्तगत की गई नई पिकटों पर कब्जा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण सहायता थी।

31 अगस्त, 1965 को जबकि स्क्वाड्रन लीडर बख्शी आक्रामक कार्रवाई पर थे उन्हें अपने वायुयान को, उसमें हुई कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण 10,000 फुट की ऊंचाई पर एक ऐसे स्थान पर उतरना पड़ा जो कि पाकिस्तानी घुसपैठियों से भरा पड़ा था। उनकी उड़ान दक्षता के कारण कर्मी दल को मामूली चोटें आयी पर वे बच गये। घायल कर्मियों की देखभाल करते हुए और जो चल नहीं सकते थे उनकी निकासी का इन्तजाम करते हुए वह 18 मील चले।

स्क्वाड्रन लीडर बख्शी ने घुसपैठियों के विरुद्ध तीन आक्रमक उड़ानें भरीं और अपने लक्ष्य पर बमबारी करते समय नीची उड़ानें लीं। उन्होंने सैन्य-संचालन से सम्बन्धित तीस उड़ानें भी भरी और तेरह उड़ानों में तुरन्त बनाए गए हैली-पड्डों से जो कि दुश्मन की गोलाबारी की पराम में थे हताहतों को निकाला। ये उड़ानें उस हवाई अड्डे से भरी गईं जिस पर बिना चेतावनी के शत्रु के लगातार हवाई हमलों का भय था। भयानक खतरों से अविचलित होते हुए इस अफसर ने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में दृढ़ निश्चय और उत्साह दिखाया। उनकी उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता और योग्यता का प्रदर्शन वायुसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल था।

4. स्क्वाड्रन लीडर पैट्रिक रस्सेल अर्ले (3965),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

10 सितम्बर, 1965 को मिस्टियर वायुयानों की विरचना ने पश्चिमी सीमा पर सामरिक महत्व की उड़ानें कीं। जब वायुयान लक्षित क्षेत्र पर पहुंचे तो शत्रु के बहुत से टैंक दिखाई दिए और उन्हें विमान भेदी तोपों की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। शत्रु के भारी अवरोध और कई कठिनाइयों के बावजूद स्क्वाड्रन लीडर पैट्रिक रस्सल अर्ले ने शत्रु पर हमला करने के लिए विरचना का नेतृत्व किया। विरचना के दो वायुयानों ने आक्रमण का विचार छोड़ दिया क्योंकि परस्पर निकटता के कारण वे मुड़ नहीं सकते थे, उस समय स्क्वाड्रन लीडर अर्ले और नं० 2 ने कम ऊंचाई पर चक्कर लगाकर दूसरे आक्रमण के समय बचाव का प्रबन्ध किया। ऐसा करते हुए स्क्वाड्रन लीडर अर्ले के वायुयान पर विमान भेदी तोप का गोला लगा और उसके ढांचे के मध्य में लगभग 4 इंच के व्यास का छेद हो गया। वायुयान में आग लग गई और छेद लगभग 12 इंच का हो गया। इस के बावजूद भी स्क्वाड्रन लीडर अर्ले वायुयान से छतरी के सहारे नहीं कूदे बल्कि वायुयान को सुरक्षित ढंग से अड्डे पर वापस ले आए जबकि आग की चेतावनी की रोशनी बराबर जलती जा रही थी।

स्क्वाड्रन लीडर पैट्रिक रस्सेल अर्ले ने उच्च कोटि के साहस तथा व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

5. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विष्णु मित्र सोंधी (5705),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

1 सितम्बर, 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विष्णु मित्र सोंधी वेम्पायर विमानों के उस सैकंड सेक्शन के सब-सेक्शन लीडर थे जिन्होंने छम्ब क्षेत्र में शत्रु की बख्तरबन्द गाड़ियों पर आक्रमण किया था। यह भली प्रकार जानते हुए कि पहले सेक्शन पर शत्रु की एफ-86 विरचना ने हमला कर दिया है, उन्होंने शत्रु की बख्तरबन्द गाड़ियों पर राकेट फायर करते हुए भी शत्रु के विमानों का पूरी तरह ध्यान रखा। शत्रु के बढ़िया विमानों से न डर कर उन्होंने शत्रु के टैंकों पर राकेट प्रहार किए। उन्होंने एफ- 86 विमानों की एक विरचना देखी जो उनके सेक्शन पर टूट रही थी। उन्होंने अपने कमाण्डर और नं० 2 को चेतावनी दी और अपने विमान को घुमा कर शत्रु का मुकाबिला करने लगे। हवाई लड़ाई में उन्होंने एफ–86 विमान पर फायर किया और उसको क्षति पहुंचाई। तब उनके दूसरे विमान के पायलट ने उन्हें एक और एफ–86 विमान की सूचना दी जो उनकी ओर आ रहा था और फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सोंधी को वह लड़ाई छोड़नी पड़ी। साथ वाले विमान के चालक को गोल लगी ओर अपने सेक्शन में से अकेले वही वापिस अपने अड्डे पर आ सके। उनका साहस और उड़ान करने की योग्यता वायु सेना की परम्परा के अनुरूप थी।

6. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार वर्मा (6528),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

10 सितम्बर, 1965 को मिस्टियर वायुयानों की एक विरचना ने पश्चिमी सीमा पर सामरिक महत्व की उड़ान की। जब विरचना लक्षित क्षेत्र पर पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में शत्रु के टैंक दिखाई पड़े और बहुत सी विमान-भेदी तोपों की गोलाबारी का सामना करना पड़ा। सकेन्द्रित रुकावटों और भारी कठिनाइयों के बावजूद हमले किए गए। एक हमले के दौरान नं० 1 वायुयान पर बुरी तरह से प्रहार हुआ और नं० 1 और नं० 2 अड्डे पर वापस लौट आए। नं० 3 और नं० 4 दूसरी बार हमले के लिए गए।

यद्यपि फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट वर्मा के वायुयान पर गोली लगी थी तो भी उन्होंने नं० 3 वायुयान के साथ हमला जारी रखा। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट वर्मा के वायुयान की आपाती और सहायक सारी प्रणाली क्षति-ग्रस्त हो गई और दोनों प्रणालियों का दबाव शून्य तक आ गया। वे मुख्य प्रणाली के गिरते हुए दबाव में अपने वायुयान को अड्डे पर सुरक्षित ले आए और भूमि को छूने से पहले इस प्रणाली का दबाव भी शून्य तक पहुंच गया था। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार वर्मा ने उच्चस्तर के साहस, दृढ़ निश्चय तथा व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

7. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुभाष मदनमोहन हुण्डीवाला (6351,)
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुभाष मदनमोहन हुण्डीवाला नवम्बर 1963 से लद्दाख में हेलिकोप्टर यूनिट में कार्य कर रहे हैं। तब से वह उस क्षेत्र में 430 घन्टे तक की सामरिक उड़ानें कर चुके हैं। लद्दाख के कठिन तथा पहाड़ी प्रदेश में उड़ान की दिक्कत होते हुए भी उन्होंने सदा स्वयं को कठिन सामरिक उड़ानों के लिये अग्रसर किया।

18 मई 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट हुण्डीवाला ने कारगिल से लड़ाई में आहत लोगों को निकालने के लिए खराब मौसम होते हुए भी चार उड़ानें कीं।

28 मई, 1965 को काराकोरम की पहाड़ियों से एक सख्त घायल सैनिक को निकालने की उड़ान में उन्होंने इंजन से आग निकलती देखी, लेकिन बड़ी दक्षता से हेलिकोप्टर उड़ाते हुए उन्होंने 15,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित हवाई पट्टी पर उसे सफलतापूर्वक उतारा।

लद्दाख क्षेत्र में अपनी ड्यूटी के अन्तर्गत उन्होंने बड़ी कठिन उड़ानें कीं और साहस, व्यवसायिक दक्षता तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जो भारतीय वायुसेना की परम्परा के अनुरूप है।

8. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रंजीत कुमार मल्होत्रा (6513),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रंजीत कुमार मल्होत्रा जून 1964 से लद्दाख क्षेत्र में अलूटी 3 हैलीकोप्टर चला रहे हैं, उन्होंने इस अवधि में लद्दाख तथा जम्मू एवं कश्मीर के अन्य क्षेत्रों में लगभग 400 घंटों की उड़ानें की हैं। दुर्गम तथा पहाड़ी क्षेत्र होने पर भी, वह सदा कठिन सामरिक उड़ानों के लिए आगे बढ़े और उन्होंने अपने साथियों के लिए एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया।

मई तथा जून 1965 में मौसम खराब होने पर भी उन्होंने कारगिल क्षेत्र में अपने युद्ध हताहतों को लाने के लिए बारह उड़ानें कीं। पुनः 14 अगस्त 1965 को उन्होंने श्रीनगर घाटी में

नौगांव से युद्ध में हताहतों को लाने के लिए दो बार उड़ानें कीं। इन उड़ानों के दौरान उन्हें एक बार ऐसे स्थान पर उतरना पड़ा जो पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा घिरा हुआ था। उनके उतरने के बाद घुसपैठियों ने उन पर गोली चलाई। परन्तु अपने धैर्य पूर्ण साहस तथा सूझ-बूझ के कारण वह घिरे हुए क्षेत्र से घायलों को लाने में सफल रहे। उन्होंने जिस साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया वह वायुसेना की उत्कृष्ट परम्पराओं के अनुकूल है।

9. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट ललित कुमार दत्ता (6506),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में हैलीकोप्टर यूनिट के वरिष्ठ पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट ललित कुमार दत्ता ने खतरनाक परिस्थिति में और आगे बढ़ती जा रही हमारी सेना के पीछे ही शत्रु की गोली प्रहार की पहुंच के अन्दर नई बनाई हुई खाई पट्टियों से 81 बार उड़ानें कीं और कुल 57 घन्टे की उड़ान की।

अपने आपको खतरे में डाल कर फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दत्ता ने 18 बार आक्रमण सम्बन्धी उड़ान की जिसमें उन्होंने पाकिस्तानी घुसपैठियों पर बमबारी की तथा गोलियां चलाई। उन्होंने बीमार और जख्मी जवानों को निकालने के लिए 25 उड़ानें कीं और इस प्रकार उन्होंने कितने ही जवानों को बचाया। अग्रिम क्षेत्र में गोला-बारूद तथा जरूरी सामग्री पहुंचाने के लिये उन्होंने 30 बार उड़ानें कीं। उन्होंने ऐसे हवाई अड्डे से उड़ान की जो बिना चेतावनी के शत्रु के निरन्तर हवाई हमले के खतरे से खाली न था।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट ललित कुमार दत्ता ने उत्तरदायित्व की महान भावना, साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया जो वायु-सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है।

10. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चुहड़ सिंह कंवर (6532),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान हैलिकोप्टर यूनिट के वरिष्ठ पायलट, फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चुहड़ सिंह कंवर ने घुसपैठियों के विरुद्ध पन्द्रह आक्रमक उड़ानें कीं, जो उनका सफाया करने वाले जवानों के लिए बहुत कारगर और सहायक सिद्ध हुई। उन्होंने छत्तीस दिन की अवधि में 45 सैन्यतंत्र संबंधी उड़ानें और 20 हताहत निकासी उड़ानें कीं उन्होंने शीघ्रता से बनाए गए हैली-पड़ों से जो वास्तविक नियंत्रण रेखा के ठीक पीछे थे, जिन पर चार बार परीक्षण अवतरण भी किए। अति अग्रिम मोर्चों से हताहतों की निकासी कर उस क्षेत्र में लड़ने वाले जवानों की अनेकों मूल्यवान जानें बचाईं। उनकी सप्लाई उड़ानें कठिन क्षेत्रों में लड़ने वाले जवानों के लिए जीवनदायी सिद्ध हुई उन्होंने ऐसे हवाई अड्डे से उड़ान कीं जो बिना चेतावनी के शत्रु के लगातार हवाई हमले के खतरे से खाली न था।

एक हैलीकोप्टर 13 सितम्बर 1965 को हवाई हमले के दौरान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यद्यपि इंजीनियरी स्टाफ ने उसकी कुछ मरम्मत की परन्तु मार्ग निर्देशन व क्रिया दोनों का सुधार न हो सका। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कंवर ने उस वायुयान की उड़ान परीक्षा के लिए स्वयं को प्रस्तुत किया और अन्त में उसे एक सुरक्षित हवाई अड्डे पर लाकर शत्रु की कार्रवाई से होने वाली क्षति से उसे बचाया।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कंवर 22 सितम्बर 1965 को महत्वपूर्ण गोलाबारूद और आवश्यक सप्लाई लेकर शीघ्रता से बनाए गए हैलीपड़ पर उतरे तो शत्रु ने उस हैलीपड़ पर गोलाबारी शुरू कर दी। शत्रु की गोलाबारी से डरे बिना उन्होंने अपने वायु-यान से सामान उतारा और साहस तथा सूझ-बूझ से अपने वायुयान और उसके कर्मी दल को अड्डे पर सुरक्षित वापस लाए।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चुहड़ सिंह कंवर ने उच्च कोटि की उड़ान-दक्षता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जो भारतीय वायुसेना की उत्कृष्ट परम्परा के अनुकूल थी।

11. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परमानन्द गोस्वामी (सहायक–30082),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परमानन्द गोस्वामी ने जो एक हैलीकोप्टर यूनिट के फ्लाइट कमाण्डर थे, पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में 36 दिनों की अवधि में 70 उड़ानें भरीं और उड़ान के 1 घंटे पूरे किए। उन्होंने अपने आगे बढ़ते हुए जवानों के ठीक पीछे शीघ्रता से बनाए गए हैलीपड़ों से, जो शत्रु की गोलाबारी के निशाने के अंतर्गत थ, हताहतों की निकासी के लिए बारह उड़ानें भरीं। यह पहाड़ी इलाका हैलीकोप्टर की कार्रवाइयों के लिए बड़ा कठिन और भयंकर था। इन कठिनाइयों और खतरों की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने सहायता कार्यों को पूरा किया और अनेक महत्वपूर्ण प्राणों को बचाया। स्वयं पर खतरा ले कर उन्होंने 60 सैन्य-तंत्र उड़ानों द्वारा अग्रिम चौकियों पर गोला बारूद तथा राशन पहुंचाने का काम भी किया। उन्होंने एक ऐसे हवाई अड्डे से उड़ानें भरीं जिस पर बिना चेतावनी के शत्रु के लगातार हवाई हमले का भय था।

वह 22 सितम्बर 1965 को, इस पिकेट के निर्वाह के लिए, नव-निर्मित हैलीपड़ पर, गोलाबारूद व अन्य सामान लेकर उतरे। शत्रु ने चौकी पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। वह साहस और सूझ-बूझ दर्शाते हुए उड़ चले जबकि दूसरे वायुयानों से अभी सामान उतारा ही जा रहा था। अपनी सुरक्षा का ख्याल न करते हुए उन्होंने शत्रु के ठिकानों पर चक्कर लगाना प्रारम्भ कर दिया ताकि शत्रु की गोलाबारी और उसका ध्यान उनके वायुयान की ओर घूम जाए। ताकि दूसरे वायुयानों को अपना सामान उतारने के लिए समय मिल सके और वे नष्ट होने से बचाए जा सकें।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट परमानन्द गोस्वामी ने वायुसेना की उच्च-तम परम्पराओं के अनुकूल साहस, दृढ़ निश्चय और इकट्ठे काम करने की भावना का परिचय दिया।

12. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जान लिओ ड्वेल्ट्ज (5707),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान हैलीकोप्टर यूनिट के फ्लाइट कमाण्डर फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जान लियो ड्वेल्ट्ज, ने 36 दिनों की अवधि में 20 सामरिक, 36 लाजिस्टिक, 12 हताहतों को निकालने की और 4 टोह उड़ानें कीं। अपने प्राणों की बिल्कुल परवाह किये बिना तुरन्त बनाए गए काम-चलाऊ हैलीपड़ों से खतरनाक क्षेत्रों पर उड़ानें कीं। अग्रिम चौकियों से हताहतों को निकाल कर बहुत सी महत्वपूर्ण जानें बचायीं उनकी सप्लाई डालने की उड़ानें, नई अधिकृत पिकटों को बनाये रखने के लिए सहायक सिद्ध हुई। वह हैलीपड़ से शत्रु की बमबारी परास के अन्दर और शत्रु के लगातार हवाई हमलों में उड़ानें करते रहे, जबकि उनके हवाई मैदान पर बिना चेतावनी के शत्रु के हवाई हमलों का लगातार खतरा बना हुआ था।

11 सितम्बर 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट ड्वेल्ट्ज को घुसपैठियों के सुदृढ़ ठिकानों रमननाला पर आक्रमण करने के लिए तैनात किया गया। जब वे एक संकरी घाटी में शत्रु के बंकरों पर बम डाल रहे थे और गोलियां बरसा रहे थे, घुसपैठियों ने अपने छोटे हथियारों से अनेक वायुयान पर गोलाबारी शुरू की। शत्रु की गोलाबारी की तनिक भी परवाह किए बिना वह अपनी सामरिक उड़ानें दृढ़ता पूर्वक करते रहे।

15 सितम्बर, 1965 को हमारी सेना ने सूचित किया कि टिथवाल क्षेत्र में हमारी चौकियों पर शत्रु का बहुत भारी दबाव है और हमारी सेना चाहती थी कि वायुसेना किशन गंगा पुल की रस्सी की पुल को नष्ट कर दे। यह पुल एक संकरी घाटी पर बना था और इस क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों का अधिकार था। उन्होंने पुल पर तीन उड़ानें भरीं और लक्ष्य पर 48 बम गिराए। उन्होंने पुल के दोनों सिरों पर आग लगा दी और उसके

मध्य भाग को भी काफी क्षति पहुंचाई। इस प्रकार उन्होंने शत्रु की संचार व्यवस्था को समाप्त कर अपनी पिकट को शत्रु के दबाव से मुक्त किया।

13. फ्लाइंग अफसर दिलीप कमलाकर परुलकर (7227), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के शुरू होते ही फ्लाइंग अफसर दिलीप कमलाकर परुलकर ने अपनी सेवाएं सामरिक ड्यूटी के लिए अर्पित कीं और उनको फाइटर स्क्वाड्रन के साथ तैनात किया गया। जब वे पहली बार बमबारी करने गए तब उन्हें शत्रु की भारी स्थल गोलाबारी का सामना करना पड़ा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने अपने निशाने पर आक्रमण किया। इस कार्यवाही में उनके विमान को शत्रु की गोली लगी जो विमान को चीरती हुई उनके दाहिने कन्धे में जा लगी। उन्होंने अपने कमाण्डर को सूचना दी कि उनका दाहिना हाथ बेकार हो गया है और वह कार्यवाही स्थगित कर रहे हैं। कमाण्डर ने उनको सलाह दी कि यदि वह विमान उड़ाने में कठिनाई अनुभव करें तो विमान से कूद जाएं, परन्तु कीमती विमान के बचाव को ध्यान में रखते हुये, वह उसे बाएं हाथ से उड़ा कर वापिस अड्डे तक लाए और उसे सफलता-पूर्वक नीचे उतारा।

फ्लाइंग अफसर दिलीप कमलाकर परुलकर ने प्रशंसनीय साहस, दक्षता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

14. फ्लाइंग अफसर अमरजीत सिंह गिल (6147), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

फ्लाइंग अफसर अमरजीत सिंह गिल उन कुछ नेट पायलटों में से थे, जिन्हें छम्ब क्षेत्र में स्थल सेना को निकट सहायता देने वाले वायुयानों को हवाई आक्रमण से बचाने और हवाई श्रेष्ठता स्थापित करने के लिए भेजा गया था। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए उन्होंने कई सामरिक महत्व की उड़ानें कीं और कई बार शत्रु से मुठभेड़ की। 3 सितम्बर 1965 को पाकिस्तान के सेबर और एफ=104 वायुयानों से उनकी झड़प हो गई जिन्होंने उस पर आकाश में, हवा में नियंत्रित मिसाइलों से आक्रमण किया। उन्होंने प्रशंसनीय दृढ़ता और साहस से उनकी चालों को विफल कर दिया। उन्होंने छम्ब, पसरूर तथा सियालकोट क्षेत्र में सामरिक महत्व की कुल 35 उड़ानें कीं। वह भारतीय वायुसेना की श्रेष्ठता स्थापित करने में सहायक बने। उन्होंने शत्रु का सामना करने में प्रशंसनीय साहस और तात्परता का परिचय दिया।

15. 208603 सार्जेन्ट संसार सिंह, फ्लाइट इंजीनियर।

पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान हैलीकोप्टर यूनिट में फ्लाइट इंजीनियर सार्जेन्ट संसार सिंह ने सामरिक महत्व की 93 उड़ानें भरीं और एक सौ चार घन्टे उड़े। वह काम करने के लिए हमेशा तैयार रहते और सदैव सामरिक उड़ानों के लिए स्वयं को प्रस्तुत करते। उन्होंने भारी खतरों के साथ जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठियों के सुदृढ़ ठिकाने के विरुद्ध 16 आक्रमक उड़ानें कीं। उन्होंने 42 हताहत निकासी उड़ानें कीं और उड़ान के दौरान हताहतों की परिचर्या की तथा कीमती प्राणों को बचाया। कई अवसरों पर उन्हें अपने हैलीकोप्टर को आक्रमक कार्रवाई से तुरन्त हताहत निकासी कार्रवाई करने के लिए काम में लगाना पड़ा। उन्होंने यह कार्य प्रशंसनीय रीति और निजी सुरक्षा या आराम की परवाह न करते हुए किया। उनके हवाई मैदान को बिना चेतावनी के शत्रु के हवाई हमलों का निरन्तर खतरा बना रहता था और अग्रिम हैलीपैडर शत्रु की गोलाबारी की परास में थे।

सार्जेन्ट संसार सिंह ने सामरिक उड़ानों के लिए प्रशंसनीय उत्साह दिखाया और उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों को उच्च कर्त्तव्य भावना और अडिग साहस से सम्पन्न किया।

सं० 15-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को, पाकिस्तान के विरुद्ध हाल में हुई संक्रिया में प्रदर्शित वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. 2942593 हवलदार गिरधारीलाल, 4थी बटालियन, राजपूत रेजिमेंट।

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 मई 1965)

16 मई 1965 को पाकिस्तानी सैनिक दस्तों ने कारगिल क्षेत्र (जम्मू एवं काश्मीर) में हमारी एक चौकी पर आक्रमण किया। यह हमला हमारे सैनिकों ने विफल कर दिया और उन्हें गहराई में स्थित शत्रु की एक महत्वपूर्ण चौकी पर अधिकार करने को कहा गया जहां से वे आगे बढ़ रहे सैनिक दस्तों पर 3-इंच मार्टर, हल्की मशीनगन और छोटे हथियारों से ठीक-ठीक गोलाबारी कर रहे थे। खतरे की परवाह न करते हुये, हवलदार गिरधारीलाल, जो कि अगले सेक्शन में था, अपने जवानों को आगे बढ़ने के लिये उत्साहित करते रहे। शत्रु की गोलाबारी के कारण जब एक हल्की मशीनगन चालक नीचे गिर गया तो उसने गन उठा ली और शत्रु के एक बंकर पर गोलाबारी की और उसके सभी जवानों को मार दिया परन्तु इस कार्यवाही में स्वयं वीरगति पाई।

इस कार्रवाई में हवलदार गिरधारीलाल ने भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुरूप उदाहरणीय शूरवीरता और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

2. 2435469 नायक बचित्तर सिंह, 1ली बटालियन, गार्डस् ब्रिगेड।

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 जून 1965

नायक बचित्तर सिंह, जो गार्ड्स बटालियन की अग्रिम सेक्शन के कमाण्डर थे, 5 जून 1965 को जम्मू एवं काश्मीर में कारगिल सेक्टर में पाकिस्तान की एक चौकी पर कब्जा करने के लिए अपने सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे। जब उनकी प्लाटून लक्ष्य से 100 गज की दूरी पर थी तो शत्रु की हल्की और मझोली मशीनगनों की भारी गोलाबारी से उसे रुक जाना पड़ा। नायक बचित्तर सिंह ने बड़े साहस से शत्रु पर धावा बोला। वह शत्रु की गोलाबारी से घायल हो गये किन्तु निरुत्साहित हुए बिना व रेंगते हुए शत्रु की चौकी की ओर बढ़े, उनके अन्दर हथगोले फेंके और तब तक गोली चलाते रहे जब तक कि शत्रु पीछे नहीं हटा और उसने चौकी खाली नहीं की। पीछे हटते हुये शत्रु गोली चलाते जा रहे थे परन्तु नायक बचित्तर सिंह ने जवाब में गोलियां चलाईं और शत्रु के दो सिपाहियों को मार दिया। परन्तु उनके सिर में हल्की मशीनगन की गोली लगी और उनकी मृत्यु हो गई। इस वीरता के कार्य से उन्होंने शत्रु की चौकी पूरी तरह खाली करवा ली और शत्रु के और कोई विरोध के बिना यह चौकी अधिकार में कर ली गई।

नायक बचित्तर सिंह ने जिस साहस और पहल शक्ति का परिचय दिया वे भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल थी।

3. कैप्टेन अर्जन सिंह नरूला (आई सी-12180), 6वीं बटालियन, 5 गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 अगस्त 1965)

12 अगस्त 1965 को कालीधर (जम्मू एवं कश्मीर) में जम्मू एवं काश्मीर राइफल्स की एक अन्य कम्पनी को सहायता देने के लिए कैप्टेन अर्जन सिंह नरूला ने अपनी बटालियन की एक कम्पनी का नेतृत्व किया जिसका उद्देश्य बालबिंदर के झूलते पुल से आने वाले घुसपैठियों को रोकना था जो इस युद्ध क्षेत्र में आने का एक मात्र रास्ता था। वह शाम को वहां आ पहुंचे और उसी रात धावा बोल कर शत्रु को दो ठिकानों से खदेड़ दिया।

14 अगस्त 1965 की सुबह जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के एक गश्ती दल को शत्रु ने घेर लिया। यह सुनते ही कैप्टेन नरूला ने शत्रु का मुकाबला करने के लिए एक प्लाटून भेजी और स्वयं दो प्लाटून लेकर उनके पीछे-पीछे गए। हालांकि कम्पनी के पास गोला-बारूद की कमी थी, विशेषकर 2-इंची मार्टर और हल्की मशीनगनों की, किन्तु कैप्टेन नरूला ने घुसपैठियों पर आक्रमण किया ताकि संचार व्यवस्था जारी रहे। इस आक्रमण में 20 घुसपैठिए मारे गए, बहुत से भाग गए। उसी शाम और अगली रात को कैप्टेन नरूला के मोर्चों पर भारी बमबारी की गई लेकिन इस आक्रमण को सफलता-पूर्वक विफल बना दिया गया।

16 अगस्त 1965 तक उनके जवान इतने थक चुके थे कि उनसे चलना मुश्किल था। यद्यपि वे स्वयं भी थक चुके थे तथापि उन्होंने स्वयंसेवकों की एक टोली एकत्रित की और जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स की पिकटों पर पहुंचे। और अपने जवानों के लिए पानी प्राप्त किया। इस कार्रवाई ने उनके जवानों में उत्साह फूंका और 17, 18 और 19 अगस्त 1965 तक शत्रु द्वारा किये गये आक्रमणों को विफल करते रहे जब कि सारी बटालियन उनसे आ न मिली।

12 से 20 अगस्त 1965 तक की इस सम्पूर्ण सामरिक कार्रवाई में कैप्टेन अर्जन सिंह नरूला ने असाधारण नेतृत्व, साहस और सहनशीलता का प्रदर्शन किया।

4. स्क्वाड्रन लीडर एन्थनी लुइस माऊसिन्हो (4418), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

हाल ही में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान स्क्वाड्रन लीडर एन्थनी लुइस माउसिन्हो एक सामरिक लड़ाकू टोह स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर थे। अन्य सामरिक महत्व की उड़ानों के अतिरिक्त उन्होंने शत्रु के स्थल ठिकानों के विरुद्ध सामरिक महत्व की 11 उड़ानों का नेतृत्व किया और शत्रु की गोलाबारी की भारी रुकावट के बावजूद साहस और दृढ़ता के साथ अपने हमलों को सफल बनाया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न कर खतरनाक टोह उड़ानें कीं। ऐसी उड़ानों के दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक टैंकों से लदी ऐसी रेलगाड़ी का पता लगाया जिस पर हमारे वायुयानों ने हमला किया जिसके फलस्वरूप 25 पैटन टैंक नष्ट हुए।

उनकी कमान में काम करने वाले व्यक्तियों ने उनके साहस और दृढ़ निश्चय से उत्कृष्ट कर्त्तव्यनिष्ठा की भावना की प्रेरणा प्राप्त की।

5. स्क्वाड्रन लीडर सुदेश कुमार दाहर (4425), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

स्क्वाड्रन लीडर सुदेश कुमार दाहर वेम्पायर विमानों की उस टुकड़ी के कमाण्डर थे जिसने 1 सितम्बर 1965 को छम्ब क्षेत्र की लड़ाई में भाग लिया जहां पाकिस्तानी सेना ने सीमा पार करके भारी बख्तरबन्द गाड़ियों से आक्रमण कर दिया था। स्क्वाड्रन लीडर दाहर पहला सेक्शन लेकर गए जिसने उस क्षेत्र में शत्रु के 6 पैटन टैंक, एक विमान भेदी तोप का ठिकाना, बहुसंख्यक गाड़ियां और शत्रु सैनिकों को नष्ट कर दिया। 4 वेम्पायर विमानों के उसके सेक्शन पर विमान भेदी तोपों तथा सेबर जेट विमानों ने आक्रमण किया। चतुराई में स्थिति पर काबू पाकर वे सफल कार्यवाही के बाद तीन विमानों को सुरक्षित वापिस ठिकानों पर ले आये।

व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करने से उनके दूसरे पायलटों को प्रेरणा मिली और उसकी स्क्वाड्रन ने शत्रु पर जोरदार प्रहार किये, शत्रु की सप्लाई व्यवस्था, पेट्रोल भण्डार, रेलवे वेगन, कानवाय तथा सैनिक जमाव को नष्ट किया।

स्क्वाड्रन लीडर सुदेश कुमार दाहर ने जिस साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया वह वायु सेना की उच्चतम परम्परा के अनुरूप थी।

6. स्क्वाड्रन लीडर सूबे सिंह मलिक (4663), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

स्क्वाड्रन लीडर सूबे सिंह मलिक ने पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई में एक हंटर स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर के रूप में भाग लिया। उन्होंने 15 सामरिक महत्व की उड़ानें कीं जिनमें से 11 उड़ानें अपनी सेना की अग्रिम पंक्ति को निकटतम सहायता के उद्देश्य से थीं।

उन्होंने आक्रामक हवाई हमलों में हंटर वायुयानों की विरचनाओं का 8 बार नेतृत्व किया और दुश्मन के टैंकों, गाड़ियों और सेना को काफी क्षति पहुंचायी। उन्होंने निश्चय और साहस के साथ अपने आक्रमणों को सफल बनाया और कुछ अवसरों पर अवरोधी वायुयानों द्वारा भारी गोलाबारी की जाती रही। एक बार तो उनके वायुयान के तल नियंत्रण को क्षति पहुंची लेकिन वे बड़ी दक्षता से अपने वायुयान को वापस लाए और अपने अड्डे पर सुरक्षित उतरे। एक दूसरे अवसर पर अपने साथी द्वारा समीप आ रहे शत्रु के एफ-104 वायुयान के बारे में चेतावनी मिलने पर भी उन्होंने ऐसे लक्ष्य पर आक्रमण किया जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था थी। भयंकर खतरों के बावजूद उन्होंने बड़ी निर्भीकता से अपना कार्य सिद्ध किया और अपनी विरचना को सुरक्षित अड्डे पर वापस ले आए।

हरबंसपुरा रेलवे स्टेशन के पास एक अन्य उड़ान के दौरान दुश्मन की वायुयानभेदी तोपों की भयंकर गोलाबारी के बावजूद उनकी विरचना ने शत्रु की बख्तरबन्द गाड़ियों और तोप ठिकानों को भारी क्षति पहुंचाई।

स्क्वाड्रन लीडर मलिक की साहस एवं सफलताएं वायुसेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल थीं।

7. स्क्वाड्रन लीडर अजीत सिंह लाम्बा (4877), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

स्क्वाड्रन लीडर अजीत सिंह लाम्बा ने हंटर पायलट के रूप में कुल 15 सामरिक उड़ानें कीं, जिनमें 11 कसूर और लाहौर क्षेत्रों म स्थल सेना को निकट से सहायता देने के उद्देश्य से थीं। इन कई कार्रवाइयों में उन्होंने हंटर वायुयानों की विरचना का नेतृत्व किया। शत्रु की पृथ्वी से अत्यधिक गोलाबारी तथा शत्रु के अवरोधक वायुयानों के बावजूद उन्होंने शत्रु के ठिकानों का पता लगाने और उन पर सफलतापूर्वक आक्रमण करने में अत्यधिक चातुर्य और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। दृढ़ मुकाबले के सम्मुख भी उन्होंने शत्रु के कई टैंकों और गाड़ियों को सफलता के साथ नष्ट कर दिया। हरबंसपुरा रेलवे स्टेशन के पास शत्रु की तोपों तथा बख्तरबन्द गाड़ियों को नष्ट करने में जो सफलता मिली वह विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि इन ठिकानों के आस-पास भारी सुरक्षा का प्रबन्ध था।

इन आक्रमणों के दौरान स्क्वाड्रन लीडर लाम्बा ने कार्य करने के लिए विशेष उत्साह दिखाया और वह किसी प्रकार की उड़ान के लिए हमेशा तैयार और आगे रहते थे। उनके साहस और दृढ़ निश्चय से दूसरे पायलटों को प्रेरणा मिली जो वायुसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

8. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट शरदचन्द्र नरेश देशपाण्डे (5452), जनरल ड्यूटीज (नेवीगेटर)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

भारत और पाकिस्तान के बीच जब संघर्ष शुरू हुआ तब फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट शरदचन्द्र नरेश देशपाण्डे जेट बाम्बर कन्वर्शन यूनिट में नेवीगेशन इन्स्ट्रक्टर का काम कर रहे थे। उन्होंने अपनी सेवाएं ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए अर्पित कीं और शत्रु क्षेत्र के ऊपर 7 बार बमबारी करने गए।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट देशपाण्डे सबसे आगे जाने वाले विमान के नेवीगेटर/बम-एमर थे और शत्रु के साथ जबर्दस्त मुकाबिला होते हुए भी अपना काम सफलतापूर्वक किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल चिन्ता नहीं की। इस बमबारी के काम में उन्होंने उच्चकोटि की व्यावसायिक दक्षता, साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो वायुसेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है।

9 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चन्द्र शेखर डोराएस्वामी (5601), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चन्द्र शेखर डोराएस्वामी ने शत्रु की भूमि स्थितियों के विरुद्ध 14 आक्रामक उड़ानों में भाग लिया। आक्रामक उड़ानों के दौरान उन्हें स्थल से भारी गोलाबारी और शत्रु के हवाई विरोध का सामना होने के बावजूद उन्होंने अत्यन्त दृढ़ता का परिचय दिया। शत्रु की स्थल गोलाबारी से उनके वायुयान पर दो बार गोली लगी और वह काफी क्षतिग्रस्त हुआ। फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना प्रत्येक बार अपने आक्रमण में सफलता प्राप्त की और शत्रु की बख्तरबन्द गाड़ियों तथा सैनिक ठिकानों को पर्याप्त क्षति पहुंचाई।

सम्पूर्ण कार्रवाइयों में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट डोराएस्वामी ने उच्चकोटि के साहस, दृढ़ता और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

10 स्क्वाड्रन लीडर जोनी विलियम ग्रीन (4093), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 सितम्बर, 1965)

छम्ब सेक्टर में पाकिस्तान के विरुद्ध कार्यवाहियों में नाट वायुयानों की एक टुकड़ी को हमारे जमीनी हमले को शक्तिशाली बनाने और हमारी श्रेष्ठता स्थापित करने के लिये भेजा गया। स्क्वाड्रन लीडर जोनी विलियम ग्रीन ने बार-बार इस सेक्टर में मिशनों का नेतृत्व किया जहां शत्रु मिजाइल से युक्त एफ-86 सेबर और एफ-104 स्टार फाइटर्ज का प्रयोग कर रहा था। उन्होंने उनसे टक्कर लेने के लिये दाव-पेचों पर विचार किया और निजी उदाहरण और दृढ़ निश्चय से अपनी फार्मेशन के जवानों में विश्वास उत्पन्न किया।

3 और 4 सितम्बर, 1965 को उनके नेतृत्व में फार्मेशनों की शत्रु की वायुसेना से प्रथम मुठभेड़ हुई। शत्रु की अधिक संख्या और उसको राडार का जो लाभ था, उसकी ओर ध्यान न देते हुए, उन्होंने अपनी फार्मेशनों का ऐसी दक्षता से नियंत्रण किया और ऐसे स्थानों पर ले गये कि वे शत्रु के दो विमान मार गिराने में सफल हुए जो कि इन कार्यवाहियों में नीचे गिराये जाने वाले पहले विमान थे। बाद में उन्होंने कई एक फार्मेशनों का नेतृत्व किया और जमीनी निशानों पर आक्रमण करने के लिए मिस्टीयर और केनबरा विमानों की वायु रक्षा की। इन आक्रमणों में सफलता प्राप्त करने का सेहरा बड़ी हद तक उनके शौर्य और नेतृत्व के सिर है।

11 विंग कमाण्डर ओम प्रकाश तनेजा (3843), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्षों में विंग कमाण्डर ओम प्रकाश तनेजा ने प्रेरणात्मक नेतृत्व का परिचय दिया। शत्रु के इलाकों के ऊपर 9 बार हवाई आक्रमण का स्क्वाड्रन कमाण्डर की हैसीयत में नेतृत्व करने में उन्होंने सुन्दर उदाहरण पेश किया। 6 सितम्बर 1965 को शत्रु के इलाकों पर प्रथम बार बमबारी करने में उन्होंने अपनी स्क्वाड्रन की कमान की और गुजरांवाला क्षेत्र में तेल से भरे रेल के डिब्बों को नष्ट किया। 7 सितम्बर 1965 को सरगोधा हवाई अड्डे पर आक्रमण करने के लिये उन्होंने 12 विमानों की स्क्वाड्रन की कमान की। हवाई आक्रमण की चेतावनी दी जा रही थी और जमीन से विमान भेदी तोपों के फायर हो रहे थे। उसके बाद शीघ्र ही उन्होंने क्षतिग्रस्त हवाई पट्टी से उड़ान की जहां पर रोशनी भी नहीं थी। अन्धेरे में नीचे-नीचे उड़ते हुए वे निशानों पर पहुंच गए। उसके बाद लाहौर और स्यालकोट क्षेत्र में भी उन्होंने हवाई आक्रमण किए और शत्रु के टैंकों, गाड़ियों, तोपों और मार्टर तोपों के ठिकानों को नष्ट किया।

इस उदाहरण से उन्होंने अपने जूनियर पायलटों में विश्वास एवं साहस उत्पन्न किया और अपने अधीन कार्य करने वाले सभी लोगों के प्रशंसा-पात्र बने।

12 स्क्वाड्रन लीडर श्री कृष्ण सिंह (3996), लेखा।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान से युद्ध प्रारम्भ होते समय स्क्वाड्रन लीडर श्री कृष्ण सिंह एक हवाई अड्डे की भू-रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी थे। 6 सितम्बर, 1965 को आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस 60 से अधिक पाकिस्तानी छाताधारी यूनिट की परिसीमा में हमारे वायुयानों और संस्थापनों की तोड़फोड़ के लिए उतारे गए। स्क्वाड्रन लीडर सिंह ने एक मोबाइल गश्ती दल का गठन किया और उनकी सूझ-बूझ और कुशल नेतृत्व में गश्ती दल ने शत्रु की चालों को विफल कर दिया। हवाई अड्डे की सुरक्षा को अभेद्य पाकर छाताधारी अन्ततः हवाई अड्डे के क्षेत्र से हट गए और उन्हें असैनिक और सैनिक अधिकारियों द्वारा पकड़ लिया गया।

7 सितम्बर, 1965 को जब यह सूचना मिली कि कुछ छाताधारी समीप के एक गांव में छिपे हुए हैं तो उन्हें पकड़ने के लिए स्क्वाड्रन लीडर श्री कृष्ण सिंह ने एक सशस्त्र मोबाइल गश्ती दल के नेतृत्व के लिए अपनी सेवाएं अर्पित कीं। इस कार्रवाई में उन्हें पाकिस्तानी छाताधारी दल के प्रभारी अफसर सहित तीन छाताधारियों को पकड़ने में सफलता मिली। उनकी देखरेख में बड़े पैमाने की छानबीन में 70 पैराशूट और बड़ी मात्रा में स्वचालित हथियार और अन्य उपकरण पकड़े गए। स्क्वाड्रन लीडर श्री कृष्ण सिंह के इस साहसिक कार्य ने हवाई अड्डे पर छाताधारियों के आक्रमण को निष्फल बना दिया।

13 स्क्वाड्रन लीडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई (4594), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध हवाई कार्यवाही में भाग लेने के लिए स्क्वाड्रन लीडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई 7 सितम्बर 1965 को हलवारा पहुंचे। 15 दिनों के अन्दर उन्होंने 16 बार हवाई आक्रमणों में भाग लिया जिनमें से 7 उड़ानें कसूर/लाहौर क्षेत्र में स्थल सेना की सहायता के लिए की गई थीं।

कसूर क्षेत्र में जब शत्रु का गोला-बारूद समाप्त हुआ तो स्क्वाड्रन लीडर विश्नोई ने 4 विमानों के साथ उड़ान की और रायविन्ड रेलवे स्टेशन पर गोला-बारूद ले जाने वाली एक रेलगाड़ी को नष्ट किया। इस महत्त्वपूर्ण सप्लाई के नष्ट होने से शत्रु को इस क्षेत्र से अपनी बख्तरबन्द गाड़ियां अधिक हानि करवा कर पीछे हटानी पड़ीं।

अन्य उड़ाने भर कर उन्होंने शत्रु के 10 टैंकों, बख्तरबन्द गाड़ियों और तोपों के ठिकानों को नष्ट किया। शत्रु के जमीन से होने वाली गोलाबारी से उनके विमान में तीन बार गोली लगने पर भी वे प्रत्येक बार आक्रमण करते ही रहे।

इस सब कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई ने ऐसे साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो वायु सेना की उच्चतम परम्परा के अनुरूप है।

14 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिल मोहन सिंह कहाई (5272),
जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिल मोहन सिंह कहाई उस मिस्टियर स्क्वाड्रन के उप-नेता थे जिसने 7 सितम्बर 1965 को अधिक सुरक्षित सरगोधा हवाई अड्डे पर दिन में हमला किया था। विमान भेदी तोपों भारी गोलाबारी के बावजूद प्लेटफार्म पर आपरेशन के लिये खड़े चार विमानों पर (एक एफ-104 और 3 एफ-86) बम ...गाए। दूसरे प्लेटफार्म पर इसी प्रकार खड़े और दो एफ-86 और ...क एफ-104 विमानों पर भी गोलियां चलाईं।

उन्होंने 11 सितम्बर, 1965 को लाहौर क्षेत्र में तोपों वाले बंकरों पर बमबारी करने के लिये जाने वाले दो विमानों की स्क्वाड्रन के नम्बर-2 की हैसियत से उड़ान की। उन्होंने जो बम गिराए ...क बंकरों के ऊपर गिरे और उनको नष्ट कर दिया।

18 सितम्बर, 1965 को 4 विमानों की फार्मेशन में उप-रूप में उड़ान करते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कहाई ने लाहौर ...ड्डे के पास तोप लगी एक चौकी पर राकेटों से फायर ... नष्ट कर दिया। 19 सितम्बर 1965 को वे दो विमानों ...र को लेकर गए और इच्छोगिल नहर पर एक बेली पुल ...ा।

...देने की कार्यवाही में भी उन्होंने उड़ान की और ... और सिपाहियों को बहुत हानि पहुंचाई। उन्होंने ...स पेट्रोल करने की उड़ानें भी कीं।

...ामों में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दिल मोहन सिंह कहाई ने ...ाहस का प्रदर्शन किया उससे दूसरे पायलटों को ...प वायुसेना की परम्परा के अनुरूप थी।

...नेन्ट चन्द्र कृष्ण कुमार मेनन (5699),
(पायलट)।

(...ी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

...65 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चन्द्र कृष्ण कुमार ...रुद्ध कारवाई में भाग लेने के लिए हलवाड़ा ...में शामिल हुए। युद्ध-विराम लागू होने तक ...में भाग लिया, जिनमें से 7 उड़ानें सेना ...थीं।

...सूर-लाहौर क्षेत्रों के ठिकानों ...विरचना का नेतृत्व करने के ...ने रायविंड रेलवे स्टेशन ...। इस गाड़ी में शत्रु सेना के ... गोला-बारूद ले जाया जा ...पूर्ण सप्लाई के कट जाने से ... पीछे हटना पड़ा। इसी ...कों और तोप के ठिकानों ...कर दिया या क्षति पहुंचाई। ...ने नष्ट हुए।

...ट चन्द्र कृष्ण कुमार मेनन ने ...और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा ...त्तम परम्पराओं को निभाया।

... कुल्लर (5854),

(...—7 सितम्बर, 1965)

...कार्यवाई में भाग लेने के लिए ...कुल्लर हलवाड़ा की हन्टर ...में शामिल हुए। उन्होंने एक ...उड़ानें की जिनमें 7 उड़ानें सेना ...।

8 सितम्बर, 1965 को उन्होंने 4 वायुयानों की विरचना के साथ उड़ान की जिसने रायविंड रेलवे स्टेशन पर सप्लाई रेलगाड़ी को नष्ट किया। यह रेलगाड़ी कसूर क्षेत्र में शत्रु की सेना के लिए अति आवश्यक गोला-बारूद ले जा रही थी। इस आवश्यक सप्लाई के न पहुंचने के कारण शत्रु की कथित सेना को भारी क्षति के साथ पीछे हटना पड़ा।

सामरिक महत्त्व की अन्य उड़ानों के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कुल्लर ने शत्रु के कम-से-कम 6 टैंकों, बख्तरबन्द गाड़ियों तथा मोर्चों के स्थानों को नष्ट या विक्षत किया। उन्होंने निर्भिकतापूर्वक शत्रु के सुदृढ़ ठिकानों पर हमले किये। यद्यपि उनके वायुयान पर जमीन से 3 बार गोलियां लगीं।

इन सामरिक महत्त्व की उड़ानों के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अमरजीत सिंह कुल्लर ने वायुसेना की उत्कृष्ठ परम्परा के अनुकूल साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

17 स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह (4476),
जनरल ड्यूटीज़ (पायलट) (लापता)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध जो कार्यवाहियां की गईं, उनमें स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह एक लड़ाका स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर के रूप में कार्य कर रहे थे।

7 सितम्बर, 1965 को गुजरांवाला हवाई अड्डे के समीप एक शक्तिशाली राडार यूनिट पर जो हमारी वायुसेना की कार्यवाहियों में बड़ी बाधा डाल रहा था, आक्रमण करने के लिये, स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह को मिशन का नेता तैनात किया गया। जैसे ही उसकी टुकड़ी आक्रमण करने वाली थी, स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह ने देखा कि शत्रु के चार सेबर जेट आ रहे थे। और तत्काल टुकड़ी को खतरे से आगाह किया और अधिक अच्छा काम करने वाले शत्रु के वायुयानों से रास्ते में ही रोक लिये जाने के भय की ओर ध्यान न देते हुए और न ही जोर से हो रही गोलाबारी की चिन्ता करते हुए उन्होंने आक्रमण किया और राडार स्टेशन को बहुत अधिक हानि पहुंचाई। अन्तिम हमले में जब उन्हें बहुत नीचे अपने निशान तक पहुंचना था तो उनके विमान को नीचे से गोली लगी और वह निशान के निकट गिरता दिखाई दिया। इस कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर जसबीर सिंह ने बड़ी वीरता और कर्त्तव्यपालन का परिचय दिया जो कि वायुसेना की सर्वोत्तम परम्परा के अनुकूल था।

18 2537049 लांस नायक मदालय मुत्यु, आर्टिलरी रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

लांस नायक मदालय मुत्यु, जो कि वायुसेना के अड्डे, कलाईकुन्डा पर तोप टुकड़ी के कमान्डर थे, अपनी तोप से बड़े कौशल और प्रभावकारी ढंग से गोलाबारी की और 7 सितम्बर, 1965 को एक पाकिस्तानी सेबर जैट विमान को मार गिराया।

इस नानकमीशन्ड आफिसर के अधीन तोप टुकड़ी ने अत्यन्त सराहनीय कार्य किया।

19 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार भाटिया (6497),
जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध हुए संघर्ष के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार भाटिया लाहौर क्षेत्र में एक औपरेशनल स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे। उस क्षेत्र में उन्होंने 18 और औपरेशनल सम्बन्धी उड़ानें कीं।

8 सितम्बर, 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट भाटिया ने जमीन पर के ठिकानों पर आक्रमण करने के लिए 4 मिस्टियर विमानों की फार्मेशन में उप-नेता के रूप में उड़ान की। शत्रु की जबर्दस्त गोलीबारी होते हुए भी फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट भाटिया ने अपनी परवाह न करते हुए शत्रु के टैंक और तोपों के ठिकानों पर आक्रमण किया तथा दो टैंक नष्ट किये।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार भाटिया ने जिस साहस तथा दृढ़ता का परिचय दिया वह भारतीय वायु सेना की परम्परा के अनुरूप था।

20 1135608 हवलदार (जी० डी०) राम उजागर, आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर 1965)

8 सितम्बर 1965 को पाकिस्तान के सियालकोट क्षेत्र में कांग्रे नामक गांव के समीप एक मीडियम बैट्री को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। जैसे ही तोपें चलाई जाने वाली थी कि शत्रु ने हल्की मशीन गन से गोलीबारी शुरू कर दी। शत्रु की गोलीबारी बहुत प्रभावशाली थी और इससे हमारे सैनिकों और उपस्करण को भारी क्षति हो रही थी। इस क्षेत्र में कोई भी कार्रवाई प्रायः असम्भव थी। इसी दौरान शत्रु ने अन्य दिशाओं से भी गोलीबारी शुरू कर दी। हवलदार राम उजागर रेंगते हुए शत्रु की हल्की मशीन गन चौकी तक पहुंचे, उन्होंने दो व्यक्तियों को मार दिया और एक हल्की मशीन गन को अपने अधिकार में ले लिया। तत्पश्चात् वह वापस आए और उस क्षेत्र की सुरक्षा का प्रबन्ध किया और इस प्रकार बैट्री को और अधिक क्षति होने से बचाया। इस कार्रवाई में हवलदार राम उजागर ने महान साहस और अनुकरणीय कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

21 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रमोद चन्द्र चोपड़ा (5194), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की लड़ाई में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रमोद चन्द्र चोपड़ा ने ऑपरेशन सम्बन्धी 14 कार्रवाइयों में भाग लिया और आकाश में शत्रु का पीछा करने में बड़े जोश का प्रदर्शन किया।

जमीनी ठिकानों पर आक्रमण करने के लिए 11 सितम्बर 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चोपड़ा ने 4 मिस्टियर विमानों की फार्मेशन में नं० 3 की हैसियत से उड़ान की। इस फार्मेशन पर जमीन से शत्रु ने बहुत गोलियां चलाईं। विमानभेदी तोपों की परवाह न करते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट चोपड़ा ने शत्रु के 2 टैंक नष्ट किए और इसके अतिरिक्त तोपों के बहुत-से ठिकानों तथा गाड़ियों को भी नष्ट कर दिया।

उनके साहस तथा दृढ़ता से दूसरे पायलटों को प्रेरणा मिली तथा वह वायु सेना की परम्परा के अनुरूप थीं।

22 जे सी-18114 रिसालदार करतार सिंह, पूना हार्स (17 हार्स)। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

11 सितम्बर 1965 को पाकिस्तान में स्थित फिल्लौरा पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान रिसालदार करतार सिंह ट्वाइंट ट्रूप लीडर थे। लगभग 600 गज के पास से शत्रु के टैंकों द्वारा अचानक उनके एक टैंक पर गोला लगने से उसमें आग लग गई। रिसालदार करतार सिंह ने शीघ्र ही अनुभव किया कि शत्रु की लगभग एक स्क्वाड्रन टैंक और रिक्वायललेस गनें उसकी घात लगाये बैठी हैं। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वह अपने टैंक को आगे ले गए और तीन पैटन टैंकों को नष्ट किया, इससे शत्रु की टुकड़ी में घबराहट और खलबली फैल गई। शत्रु के भारी टैंकों और तोपखानों की गोलीबारी के बीच वह अपने टैंक से बाहर कूद पड़े और जलते हुए टैंक से घायल टैंक चालक को बचा लिया और बाद में अपने-अपने शेष दो टैंकों के साथ आगे बढ़ने लगे। जैसे ही वह फिल्लौरा रिज पर आक्रमण करने वाले ही थे कि बगल से उनके स्क्वाड्रन पर रिक्वायललेस गन से गोलीबारी होने लगी। उन्होंने शीघ्र अपनी दिशा बदल दी और गोलीबारी कर रिक्वायललेस गनों को शान्त कर दिया।

14 सितम्बर 1965 को उन्हें वजीरवाली शत्रु सुरक्षा—जिसमें एक कम्पनी इन्फैंट्री और टैंकों की दो टुकड़ियां थीं, को कमजोर करने का काम सौंपा गया। आक्रमण के समय वह टुकड़ी के नेता थे और उन्होंने शत्रु द्वारा आग लगाए टैंक में से एक चालक को पूर्व की भांति बचाया। इस संक्रिया में उन्हें बहुत-से छोटे हथियारों मार्टर, टैंक और तोपखाने की गोलाबारी का सामना करना पड़ा। चालक को सुरक्षित स्थान में पहुंचाने के बाद जब वह अपने टैंक के अन्दर जा रहे थे तो उन्हें प्राणघातक चोट लगी। इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों की प्राण रक्षा में अपना जीवन बलिदान कर दिया।

रिसालदार करतार सिंह ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुरूप आदर्श, साहस, दृढ़ निश्चय और निःस्वार्थ कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

23 विंग कमाण्डर सुरपति भट्टाचार्य (3974), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 सितम्बर 196

पाकिस्तान से युद्ध छिड़ने पर विंग कमाण्डर सुरपति भ पश्चिम क्षेत्र की एक सामरिक लड़ाकू स्क्वाड्रन के फ्लाइट थे। उन्होंने 12 सितम्बर 1965 को एक स्क्वाड्रन संभाली। उन्होंने अपनी सेना को निकट सहायता प्र उद्देश्य से शत्रु के बख्तरबन्द और सैनिक जमावों पर आ नेतृत्व किया। शत्रु की स्थल से गोलाबारी और के बावजूद उन्होंने अपने आक्रमणों को सफल बनाय टैंकों, बख्तरबन्द गाड़ियों और सैनिक जमावों को सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपनी प्रत्येक सामरिक उ का नेतृत्व किया। अपनी व्यक्तिगत सफलता उन्होंने इन विरचनाओं के अन्य वायुयानों द्वार में भी अपना अमूल्य योगदान दिया।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत उदाहरण द्वारा अ वायु-सैनिकों को प्रेरणा दी तथा उनमें विश्व

विंग कमाण्डर सुरपति भट्टाचार्य ने उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल कोटि के सा नेतृत्व का परिचय दिया।

24 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद पटने जनरल ड्यूटीज (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी ति

पाकिस्तान के विरुद्ध अग्रिम क्षेत्र में एक ऑपरे ही समय में उन्होंने 16 ब

13 सितम्बर 1965 ठिकानों पर आक्रमण करन समय उन्होंने 4 विमानों की की। आक्रमण के दौरान फ, एवं सुदृढ़ स्थल गोलाबारी क विमान गिरा दिया गया। इसकी पटने ने शत्रु के ठिकानों पर 5 बा तीन पैटन टैंक नष्ट कर दिये। प जिस साहस तथा पहल शक्ति का सेना की परम्परा के अनुरूप थे।

25 स्क्वाड्रन लीडर सतीश नन्द जनरल ड्यूटीज (नेवीगेटर)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1

13 एवं 14 सितम्बर, 1965 को बड़े पैमाने पर बमबारी की गई। इसका के सही स्थान का पता लगाने के लिये स्क्वाड्

को चुना गया। लक्ष्य शत्रु के इलाके के बहुत अन्दर था इसलिए विमानों को अग्रिम हवाई अड्डों से उड़ाना पड़ा और वापिस ठिकाने पर पहुंचने में तेल आदि की कोई कमी न हो इसलिए उनको सीधे रास्ते से उड़ान करनी पड़ी।

हालांकि चांद बादलों में छिपा हुआ था, स्क्वाड्रन लीडर बन्सल ने पहाड़ियों के बीच से नीची उड़ान भरने का निश्चय किया ताकि बम्बर विमानों की स्थिति का शत्रु को पता न चले।

उनका वायुयान चालन इतना सही था कि हवाई जहाजों को हवाई अड्डे के ऊपर मध्य में लाने के लिए केवल एक ही बार रास्ता बदलने की आवश्यकता पड़ी। जब उन्होंने उस क्षेत्र में प्रकाश करने के लिये गोला फेंका तो शत्रु ने विमान भेदी तोपों से अत्यधिक गोलीबारी की बौछार कर दी। साहस तथा दृढ़ता के साथ वह गोली प्रहार एवं सुरागी गोलों के बीच अपने विमान को ले गये तथा लक्ष्य बताने वाले बम को ठीक स्थान पर गिराया। बमबारी कहां और कैसे की जाए, यह पता लगाने के लिये हवाई अड्डे के ऊपर पुनः उड़ान करना आवश्यक था। तोपों के प्रहार की रेंज से ऊपर जाने के लिए अब समय नहीं था। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की विचार किए बिना स्क्वाड्रन लीडर बन्सल ने बम गिराने की जांच करने के लिए अपने पायलट को विमान भेदी तोपों की गोलाबारी एवं सुरागी गोलों के बीच में से पुनः उड़ान करने को कहा। उसके बाद उन्होंने बम्बर लीडर को सूचित किया तथा बमबारी के लिए थोड़ा ऊंचा उठने के लिए कहा। यदि स्क्वाड्रन लीडर बन्सल ऐसा न करते तो हमारे कई बम्बर विमान गिराए जाते।

पाकिस्तान के विरुद्ध इस संघर्ष में स्क्वाड्रन लीडर सतीश नन्दन बन्सल बम्बर विमानों के कितने ही आक्रमणों में प्रमुख नेवीगेटर थे। इस सब कार्यवाही में उन्होंने वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप साहस तथा धैर्य का परिचय दिया।

26 स्क्वाड्रन लीडर चित्तरंजन मेहता (4615), जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 सितम्बर 1965)

14 सितम्बर 1965 को स्क्वाड्रन लीडर चित्तरंजन मेहता को भगतनवाला में शत्रु के विमानों और ठिकानों पर आक्रमण करने और उन्हें नष्ट करने के लिये कहा गया। उन्होंने 14 सितम्बर, 1965 की रात को उड़ान भरी परन्तु अपने निशान तक पहुंचने के लिये अभी आधा रास्ता ही पूरा किया था कि विमान के मार्ग निर्देशनयंत्र खराब हो गये। एक मील से भी कम दूरी तक दृष्टि जाती थी और शत्रु की ओर से किया गया ब्लैक आउट भी इतना जोरदार था कि विमान को चलाना असम्भव हो गया। स्क्वाड्रन लीडर मेहता ने तत्काल झेलम नदी के साथ-साथ नया रास्ता अपनाया। उन्हें एक पुल के पास से उड़ान करनी थी जिस पर शत्रु ने विमान भेदी तोपें लगा रखी थीं। उन्होंने बड़े कौशल से विमान भेदी तोपों की गोलाबारी से अपने को बचाया और लक्ष्य पर पहुंच गये। जैसे ही वह हवाई अड्डे पर पहुंचे वैसे ही सरगोधा हवाई अड्डे से उन पर भारी गोलाबारी की जाने लगी। हवाई अड्डे की फौजी देख-भाल करने और निशानों पर हमला करने के लिये उन्हें कम-से-कम 10 मिन्टों के लिये निशाने के ऊपर रहना पड़ा। विमान भेदी तोपों की गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए और मिजाइल लिये हुए उन लड़ाकू विमानों से रास्ते में ही रोक लिये जाने के खतरे की ओर ध्यान न देते हुए, जो कि चाद एक मील दूर ही देखभाल करते उड़ान भर रहे थे, स्क्वाड्रन लीडर मेहता ने सफलतापूर्वक फौजी देखभाल करने का काम पूरा किया।

स्क्वाड्रन लीडर मेहमा ने 9 मिशन सफलतापूर्वक पूरे किये और इनमें वह दिन में तथा रात में निडरता से शत्रु के इलाके में बड़ी दूर तक गये और शत्रु को भारी जानी हानि पहुंचाई।

इस मिशन में स्क्वाड्रन लीडर चित्तरंजन मेहता ने अपूर्व साहस, दृढ़ता तथा उच्च स्तर के कौशल का परिचय दिया।

27 मेजर भगत सिंह (आई सी-13154) 6वीं, बटालियन, गार्ड्स ब्रिगेड। **(मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 सितम्बर 1965)

मेजर सिंह ने 14-15 सितम्बर 1965 की रात को जम्मू-कश्मीर में रिंगपेन के सामने एक क्षेत्र में शत्रु के इलाके में दूर तक एक गश्ती पल्टन की अगवानी की। बड़े कठिन रास्ते से मार्च करते हुए वे शत्रु की दो चौकियों के बीच आ गए। उन्होंने साथ वाली चौकियों के साथ शत्रु के टेलीफोन संबंध काट दिये। एक सेक्शन को शत्रु को मिलने वाली सहायता को रोकने के लिये लगाया और दूसरे दो सेक्शनों से शत्रु की दूसरी चौकी पर हमला कर दिया। शत्रु इस चौकी पर एक पल्टन और एक मझौली मशीन गन के अधिकार किए हुए था। मेजर भगत सिंह शत्रु के बंकरों के 10 से 15 गज के भीतर शत्रु की चौकी के दोनों ओर अपने दो सेक्शनों को ले गए जब शत्रु ने गोलाबारी शुरू कर दी। मेजर भगत सिंह ने स्वयं शत्रु के 3 में से 2 सैनिकों को गोली से उड़ा दिया जो कि चौकी से बाहर आए हुए थे, कई हथगोले फैंके और शत्रु की ओर से मझोली मशीन गन से की जा रही भारी गोलाबारी के बावजूद व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए शत्रु की चौकी के चारों ओर आते-जाते रहे। गोलाबारी लगभग आधा घंटा होती रही और गोलीबारी के आदान-प्रदान में घातक रूप से आहत हो गये। जैसे ही दिन की रोशनी हुई और साथ वाली निकट ही की शत्रु की चौकियों से पल्टन पर मार्टर और मझौली मशीन गन से भारी गोलाबारी की जाने लगी। मेजर भगत सिंह ने अपनी गश्ती सैनिक टुकड़ी को पीछे हटने का आदेश दिया। अपने घावों और खून निकल जाने के कारण वह कमजोरी महसूस करने लगे और सैनिक टुकड़ी को यह कहते हुए कि वह भी उनके पीछे आयेंगे, उस अड्डे पर वापिस चले जाने का आदेश दिया जिसका पहले से प्रबन्ध किया हुआ था। परन्तु वह और आगे बढ़ने में असमर्थ थे अतः शत्रु ने उन्हें घेरे में ले लिया और जब वह बन्दी बना कर ले जाए जा रहे थे तो उनकी मृत्यु हो गई।

मेजर भगत सिंह ने न केवल शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाया अपितु अपनी सैनिक टुकड़ी को और अधिक हानि से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। मेजर भगत सिंह द्वारा प्रदर्शित साहस, दृढ़ संकल्प और न बुझने वाली युद्ध की भावना सेना की परम्पराओं के अनुरूप थी।

28 नं० 2444453 लांस नायक देव राज, 19वीं बटालियन, पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 सितम्बर 1965)

14-15 सितम्बर 1965 की रात्रि को पंजाब बटालियन की एक कम्पनी को जम्मू-कश्मीर के उड़ी क्षेत्र के एक हिस्से पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। लांस नायक देव राज इस कम्पनी के साथ मझौली मशीनगन के तोपची के रूप में गया।

15 सितम्बर 1965 को रात्रि को जब शत्रु-सेना को इस मोर्चे पर हमारे अधिकार का पता चला तो उन्होंने मझौली मशीन-गनों और अन्य स्वचालित हथियारों से गोलाबारी शुरू की। शत्रु की एक मझौली मशीनगन हमारे मोर्चे पर ठीक निशाने से और भारी गोलाबारी कर रही थी। लांस नायक देवराज अपनी टुकड़ी के साथ शत्रु की तोप से मुकाबिला करने के लिए आगे बढ़े। जब टुकड़ी का प्रभारी ओहदेदार बुरी तरह से घायल हो गया तो उसने टुकड़ी का कमान स्वयं संभाल ली। तोप का प्रयोग खुले में किया जा रहा था और शत्रु उस क्षेत्र में भारी गोलाबारी कर रहा था। लांस नायक देवराज शत्रुओं के जवाबी हमलों को विफल करने के लिए अग्रिम मोर्चे पर निर्भीकता के साथ डटे रहे। शत्रु-सेनाओं ने पुनः जवाबी हमले की तैयारी की और एक ओर के रास्ते से आते हुए, लांस नायक देव राज को एक गोली का निशाना

बनाया। जब शत्रु सेना उनसे 100 गज से कम दूरी पर थी तो घायल होने के बावजूद भी उन्होंने शत्रु सेना का बड़े साहस से मुकाबिला किया और उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। उन्होंने प्रायः अकेले ही शत्रु के जवाबी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। उनके इस कार्य ने पूरी कम्पनी और मझौली मशीन गन को बचाया।

इस ओहदेदार ने अपनी बहादुरी और कर्त्तव्यनिष्ठा का जो परिचय दिया वह भारतीय सेना की उच्चतम परमपराओं के अनुकूल है।

29 फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रद्योत दस्तीदार (5456), जनरल ड्यूटीज (नेविगेटर)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 सितम्बर 1965)

15 सितम्बर 1965 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रद्योत दस्तीदार को लक्ष्य संकेत करने वाले वायुयान पर नेवीगेटर तैनात किया गया, जिसे पेशावर हवाई अड्डे पर एक बड़े हमले का नेतृत्व करना था। यह उड़ान अत्यन्त कठिन थी जिसकी सफलता के लिए नेवीगेटर को अत्यधिक दक्ष और निशानेबाज होना आवश्यक था।

रास्ता पुलों के समीप होकर गुजरता था जिन्हें शत्रु द्वारा वायुयान भेदी तोपों से सुरक्षित किया हुआ था आकाश में कहीं चांदनी नहीं थी और सारा क्षेत्र धुन्ध से भरा हुआ था। दृश्यता इतनी कम थी कि फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट दस्तीदार को हवाई अड्डा तब दिखाई दिया जब वे ठीक उसके ऊपर थे। जैसे ही उन्होंने ठिकाने का संकेत देने के लिए हिलती ज्वाला देने वाला बम्ब फेंका वैसे ही वायुयानभेदी तोपों ने रुकावट डाल दी। फटते हुए गोलों और अपने ऊपर पड़ने वाले प्रकाश संकेतों से न घबराते हुए उन्होंने दृढ़ चित होकर उड़ान ली और पीछे आने वाले बम वर्षकों के लिए लक्ष्य संकेत देने वाले बम्ब को गिराने के पश्चात् उन्होंने अपने बम को घूम कर देखा। इस बीच विमान भेदी तोपें आग उगल रही थीं और उसके आस पास गोले फट रहे थे। लक्ष्य को संकेत करने वाले बम्ब को गिरा देख कर उन्होंने विरचना के नेता को बमबारी करने के पूरे आंकड़ों से अवगत किया। उन्होंने हवाई अड्डे की परिसीमा को तभी छोड़ा जब उन्हें इस बात का निश्चय हो गया कि विरचना के नेता ने बम से सम्बन्धित आंकड़े प्राप्त कर लिए हैं और समझ लिए हैं।

इस उड़ान और 7 अन्य उड़ानों में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट प्रद्योत दस्तीदार ने उच्च कोटि के साहस और दक्षता का परिचय दिया।

30 स्क्वाड्रन लीडर तेज प्रकाश सिंह गिल (4755), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—19 सितम्बर 1965)

पाकिस्तान के विरुद्ध की गई कार्रवाई में औपरेशनल स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर स्क्वाड्रन लीडर तेज प्रकाश सिंह गिल ने सियालकोट, छम्ब, लाहौर और कसूर क्षेत्रों में थल सेना की ठोस सहायता के लिए स्थल सेना पर आक्रमण करने वली पूरी 21 उड़ानों में भाग लिया। 19 और 21 सितम्बर, 1965 को दो ऐसी सामरिक उड़ानों में स्क्वाड्रन लीडर तेज प्रकाश सिंह गिल को विमान भेदी तोपों के गोलाबारी की भारी बराज का सामना करना पड़ा। आक्रमण रोक देने की बजाए, स्क्वाड्रन लीडर गिल ने अपने जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए बहादुरी से शत्रु पर आक्रमण किए और काफी मात्रा में शत्रु-कवच और फील्ड गनों को नष्ट किया।

इन सामरिक उड़ानों के दौरान स्क्वाड्रन लीडर तेज प्रकाश सिंह गिल ने उच्च कोटि के साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

31 विंग कमांडर पीटर मेनर्ड विल्सन (3590), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर 1965)

विंग कमांडर पीटर मेनर्ड विल्सन एक बमवर्षक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। पाकिस्तान के विभिन्न भागों पर रात्रि में बमबारी करने के अतिरिक्त उन की स्क्वाड्रन को कच्छ क्षेत्र में बादिन के समीप एक शक्तिशाली राडार-स्टेशन को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया।

यह राडार स्टेशन विमानभेदी तोपों के सभी व्यासों से पूर्णतया सुरक्षित था और साथ ही यह किसी भी हवाई आक्रमण से अपनी रक्षा के लिए अपने अवरोधी वायुयान को बुला सकता था। लक्ष्य इस किस्म का था कि संतोषजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए बमबारी के लिए सिद्ध निशाने बाजी की आवश्यकता थी। इसलिए यह निश्चय किया गया कि दिन-दहाड़े नीची उड़ान भर कर बमबारी की जाए ताकि बमवर्षक कर्मी स्पष्ट दृश्यता का पूरा-पूरा लाभ उठा सकें और निशाने से तनिक भी चूक न हो सके।

इसमें निहित खतरों का पूर्ण ज्ञान होते हुए विंग कमाण्डर विल्सन ने अपने स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया और पूर्ण विश्वास से और निश्चय के साथ राडार स्टेशन पर आक्रमण किया। अत्यधिक विरोध के बावजूद उन्होंने और उनके दल ने राडार स्टेशन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया जो शत्रु के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण था।

विंग कमाण्डर पीटर मेनर्ड विल्सन द्वारा इस अवसर पर प्रदर्शित, साहस, नेतृत्व और दक्षता वायुसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल थीं।

32 कैप्टेन सुरेन्द्रशाह (आई सी-13687), 4थी बटालियन, कुमाऊं रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर 1965)

21 सितम्बर 1965 को कैप्टेन सुरेन्द्रशाह ने अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया जिसे युद्ध विराम रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के तिथवाल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ठिकाने पर कब्जा करना था। यह ठिकाना पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था और इसकी संख्या एक कम्पनी से अधिक थी, जो ब्राउनिंग मशीन गनों से लैस थी। रास्ता शत्रु के तोपखाने की आड़ के अन्दर संकरी घाटी के साथ-साथ घने जंगल, ढालूदार और चट्टानी भूमि पर होकर जाता था। शत्रु के विरोध के बावजूद कैप्टेन शाह ने अपनी प्रहारक टुकड़ी का नेतृत्व किया। जब शत्रु की सुरंगों के कारण आगे बढ़ने वाले प्लाटून को थोड़ी देर के लिए रुकना पड़ा और प्लाटून कमांडर मारा गया, तब कैप्टेन शाह आगे बढ़े और उन्होंने अपने सैनिकों का लक्ष्य प्राप्ति की ओर मार्ग-प्रदर्शन किया।

लक्ष्य पर दो बार आक्रमण किया गया। पहले आक्रमण में कैप्टेन शाह की कम्पनी के 8 व्यक्ति आहत हुए और उनके पेट में हथगोले के टुकड़े से हल्की चोट लगी। जानी नुकसान के बावजूद कैप्टेन शाह ने सफल आक्रमण किया। जब वह अंतिम आक्रमण कर रहे थे तो उनका पैर जख्मी हो गया और उन्होंने देखा कि उनके सैनिकों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। कैप्टेन शाह शत्रु के जवाबी हमले के दौरान उपस्थित थे और घाव लगने के बावजूद भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में बनाये रहे। उन्होंने अपने प्लाटून के गोलाबारी, तोपखाना और मोर्टरों का निर्देशन किया। वह अपने सैनिकों के प्रेरणा स्रोत थे और वह वहां से तब तक न हटे जब तक कि उनके सभी घायल सैनिक वहां से निकाल न लिए गए। इस कारवाई में शत्रु का एक अफसर और 57 जवान मारे गए तथा बहुत-से हथियार और गोलाबारूद हमारे अधिकार में आया।

इस नवयुवक अफसर की कमीशन प्राप्त सेवा तीन वर्ष से कम की है और उन्होंने इस कम्पनी की कमान थोड़े दिन पहले सम्भाली थी उन्होंने असाधारण साहस, नेतृत्व और दृढ़ता का परिचय दिया।

33 2846968 नायक जगदीश सिंह, 18वीं बटालियन, राजपूताना राईफल्स। **मरणोपरांत**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर 1965)

नायक जगदीश सिंह एक कम्पनी के सेक्शन कमाण्डर थे जिसे 21 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया। इस चौकी को एक शक्तिशाली इन्फेन्ट्री-

प्लाटून संभाले हुए थी और टैंकों और टैंक-तोड़ तोपों के सैनिक दस्ते इसकी रक्षा कर रहे थे। जैसे ही हमारी इन्फेंट्री ने आक्रमण किया तो पता चला कि शत्रु के क्षेत्र में टैंक थे। नायक जगदीश सिंह को हथगोलों से इन टैंकों को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया। जिस प्रथम टैंक से उसका मुकाबिला हुआ वह उसके चारों ओर बड़े कौशल से घूमा और अपने को लाभकारी स्थान पर स्थित करते हुए टैंक को नष्ट कर दिया। अब शत्रु ने दूसरे टैंक से बैंट्री फायर और तोपों से गोलाबारी शुरू कर दी। अपनी निजी रक्षा की चिन्ता न करते हुए नायक जगदीश सिंह आगे बढ़े और अपने हथगोलों से दूसरा टैंक नष्ट कर दिया। दृढ़ संकल्प से अब वह तीसरा टैंक नष्ट करने के लिए आगे बढ़े परन्तु ब्राउनिंग मशीन गन के एक गोले से वह वीरगति को प्राप्त हुए। इस कार्यवाही में नायक जगदीश सिंह ने उच्चस्तर के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया जो कि सेना की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुरूप है।

34 4144564 नायक चन्द्र सिंह, 4थी बटालियन, कुमाऊं रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

21 सितम्बर, 1965 को युद्ध-विराम रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के टिथवाल क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण ठिकाने पर नायक चन्द्र सिंह बटालियन के एक आक्रमण के समय सेक्शन कमांडर थे। उनकी कम्पनी ने इस ठिकाने के दक्षिणी भाग पर अधिकार करना था। इस क्षेत्र में शत्रु सेना की जबर्दस्त सुरक्षा व्यवस्था थी। नायक चन्द्र सिंह का प्लाटून अग्रिम सुरक्षित ठिकानों से लगभग 30 गज दूरी पर घेर लिया गया। शत्रु ने इस सेक्शन पर भारी गोलाबारी की, फलस्वरूप एक सैनिक मारा गया और चार घायल हुए। अधिक-से-अधिक गोलाबारी शत्रु बंकर में रखी हुई हल्की मशीन-गन से हो रही थी। जब उनके सेक्शन में केवल दो आदमी रह गए तो नायक चन्द्र सिंह दायीं ओर से आगे शत्रु के बंकर के दस गज दूरी पर रेंग कर आ गए। अब वह उठे और भागकर शत्रु के बंकर पर एक हथगोला फेंका इससे उसके भीतर बैठे दो सैनिक मारे गए। उन्होंने हल्की मशीन-गन को छीन कर बंकर से बाहर फेंक दिया और तत्क्षण अपने प्लाटून को आगे बढ़ने का आदेश दिया। जब वह ऐसा कर रहे थे तो उनके सीने में गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद भी वह अपने प्लाटून में जवानों को प्रोत्साहित करते रहे। उनके प्लाटून के दो सैनिकों ने उनकी मदद करनी चाही किन्तु उन्होंने उनकी सहायता न ली और उन्हें प्लाटून के साथ काम करने का निवेदन किया।

इस नवयुवक ओहदेदार के आत्मत्याग तथा साहसिक कार्य, प्लाटून के लिए प्रेरणा के स्रोत बने।

35 मेजर कैनीमल थेवकाथिल मधुसूधणन पिल्ले (आई सी-5300), तोपखाना रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 सितम्बर, 1965)

28 सितम्बर, 1965 को मेजर कैनीमल थेवकाथिल मधुसूधणन पिल्ले सिख लाइट इन्फैन्ट्री की बटालियन से सम्बन्ध बैटरी के कमाण्डर थे। बटालियन को छम्ब क्षेत्र में कालीधर के ऊपर के दो महत्वपूर्ण पहाड़ी ठिकानों का सफाया करने का आदेश दिया गया। इस स्थान को युद्ध-विराम के बावजूद पाकिस्तानी सेना ने दबा लिया था। इस आक्रमण के दौरान मेजर पिल्ले ने हमारी आक्रमणकारी सेना को अचूक और निकटतम गोलाबारी से सहायता पहुंचाई। जब हमारी सेना बुद्धि-ब्राक पर अपनी स्थिति को मजबूत करने में असफल रही तो मेजर पिल्ले को सेना की कमान दी गई। उन्होंने तुरन्त ही स्थिति को मजबूत बनाया और इन्फैंट्री को आगे बढ़ाने में स्वयं नेतृत्व किया। अपने प्रेरणादायक नेतृत्व के कारण वह पैदल सेना और तोपखाने को इकट्ठा करके कालीधर रिज पर अपने पैर जमा सके।

30 सितम्बर, 1965 को मल्ला ठिकाने पर आक्रमक कार्यवाई करने के लिए, मेजर पिल्ले को मद्रास रेजिमेंट की बटालियन से सम्बन्ध बैटरी का कमांडर नियुक्त किया गया। उनकी अचूक और तीव्र गोलाबारी ने मल्ला पर कब्जा करने में काफी योग दिया। यह उनकी सूझ-बूझ और साहस के कारण हुआ जिसका परिचय, उन्होंने शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद, सभी लक्ष्यों पर विजय प्राप्त करके दिया।

पुन: 3-4 अक्टूबर, 1965 को मेजर पिल्ले ने एक महत्वपूर्ण पहाड़ी ठिकाने पर जो सिख लाईट इन्फेंट्री एवं महार बटालियन के अधिकार में था शत्रु द्वारा बार-बार किए जा रहे हमलों को तोपखाने से सही और समयोचित गोलीबारी कर विफल कर, प्रशंसनीय सूझ-बूझ का परिचय दिया।

शत्रु के विरुद्ध होने वाली सम्पूर्ण इन सामरिक कार्रवाइयों में मेजर कैनीमल थेवकाथिल मधुसूधणन पिल्ले ने साहस, नेतृत्व और असाधारण सूझ-बूझ का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल थी।

36 मेजर अंजापारवन्दा थिमैया गणपति (आई सी-12621), 6वीं बटालियन, सिख लाइट इन्फट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 अक्तूबर, 1965)

मेजर अंजापारवन्दा थिमैया गणपति तारीख 4 अक्तूबर, 1965 को सिख लाइट इन्फैंट्री रेजीमेंट की बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस बटालियन को कालीधर (जम्मू एवं कश्मीर) में एक ऐसे ठिकाने का सफाया करने का आदेश दिया गया, जिसे पाकिस्तानी सेना ने युद्ध-विराम का उल्लंघन करके दबा लिया था। खाइयों में स्थित और भारी तोपखाने, मार्टर और ब्राउनिंग मशीन-गन की गोलाबारी से लैस शत्रु के दृढ़ विरोध के सामने मेजर गणपति ने अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया। भारी हताहतों के कारण यद्यपि उनकी कम्पनी की संख्या पचास प्रतिशत रह गई थी, फिर भी उनकी कम्पनी महत्वपूर्ण स्थितियों से शत्रु को हटाने में सफल रही और बटालियन को प्रारम्भिक लक्ष्य प्राप्त हुए। शत्रु द्वारा ब्राउनिंग मशीनगन और छोटे हथियारों की भारी गोलीबारी के बावजूद वह निर्भीकता से घूम-घूम कर अपने जवानों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करते रहे।

इस कार्य में मेजर अंजापारवन्दा थिमैया गणपति ने उच्च-कोटि का साहस, सूझ-बूझ और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

37 4443729 सिपाही धरम सिंह, 6वीं बटालियन, सिख लाइट इन्फैंट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 अक्तूबर, 1965)

4 अक्तूबर, 1965 को सिख लाईट इन्फैंट्री रेजिमेंट को जिसमें सिपाही धरम सिंह कार्य कर रहे थे, जम्मू एवं कश्मीर में कालीधर के समीप एक ठिकाने पर जहां पाकिस्तानी सेना ने युद्ध-विराम की अवहेलना कर अधिकार कर लिया था, का सफाया करने को आदेश दिया गया। जब इसका सुरंग-क्षेत्र के कारण जिसकी सुरक्षा में शत्रु की मझोली मशीन-गन की गोली आग बरसा रही थी, आगे बढ़ना रुक गया तो सिपाही धरम सिंह ने अपनी सेवाएं अर्पित कीं और सुरंग-क्षेत्र पार कर अन्य जवानों का नेतृत्व किया। उनके वीरतापूर्ण कार्य ने जवानों को ठीक समय पर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद शत्रु के जवाबी हमले के दौरान उन्होंने शत्रु के उन दो सिपाहियों को मार डाला, जो उन पर बढ़े आ रहे थे। इस कार्यवाही में सिपाही धरम सिंह ने प्रशंसनीय साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

38 मेजर प्रवाकर शान्ताराम देशपाण्डे (आई सी-3990), तोपखाना रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 अक्तूबर 1965)

मेजर प्रवाकर शान्ताराम देशपांडे एक बटालियन की प्रत्यक्ष सहायता में बैटरी कमांडर थे । इस बटालियन को उन अतिक्रमणों का सफाया करने में लगाया गया था, जिन्हें पाकिस्तानी सेना ने बाड़मेर क्षेत्र में युद्ध विराम की अवहेलना करके ले लिया था । सामरिक महत्व की दूसरी कार्रवाई में हमारी बढ़ती हुई टुकड़ी पर शत्रु ने टैंकों, मशीन-गनों और मार्टर से भारी गोलीबारी की । मेजर देशपांडे ने अपनी प्रेषण चौकी से तुरन्त जवाबी कार्रवाई की और अपनी बैटरी से शत्रु सेना पर गोले बरसाने शुरू कर दिए । उनका मोर्चा बिल्कुल खुले में था, परन्तु अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उन्होंने शत्रु को उलझाए रखा ताकि वह सेना, जिसकी सहायता में लगे थे, सुरक्षित क्षेत्र में लौट सके । वह दो बार घायल हुए किन्तु अपने स्थान से हटने से इंकार कर दिया और दो घण्टे तक तोपखाने से गोले बरसाने के कार्य का संचालन करते रहे । बाद में मार्टर बम इन के समीप गिरा और वह बुरी तरह से जख्मी हो गए, तब उन्हें वहां से हटाना पड़ा । जिस साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय मेजर प्रवाकर शान्ताराम देशपांडे ने दिया वह न केवल इनकी अपनी यूनिट के लिए ही प्रेरणा-स्रोत था अपितु जिस इन्फैंट्री की साहयता कर रहे थे, उसके लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध हुआ ।

मेजर प्रवाकर शांताराम देशपांडे का उच्च कोटि का साहस, कर्त्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व भारतीय सेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल था ।

39 कैप्टेन संसार सिंह (आई सी-14605), 7वीं बटालियन, सिख रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 2—नवम्बर 1965)

2-3 नवम्बर, 1965 की रात्रि को सिख रेजिमेंट की एक बटालियन कोई, जिसका नेतृत्व कैप्टेन संसार सिंह कर रहे थे, मेंढर (जम्मू एवं कश्मीर) क्षेत्र में एक ऐसे पहाड़ी ठिकाने को सफाया करने का आदेश दिया गया, जिसे पाकिस्तानी सेना द्वारा युद्ध-विराम की अवहेलना करके दबा लिया गया था । शत्रु के कब्जे में मजबूत भूमिगत बंकर थे । शत्रु चौकियां बहुत से छोटे हथियारों, ब्राउनिंग मशीन-गनों, राकेट फेंकने वाली मशीनों, मार्टरों और तोपखाने से सुनियोजित गोलाबारी करने की स्थिति में था । इस ठिकाने के सभी रास्ते व्यापक सुरंगों और कंटीले तारों के घेरे से होकर जाते थे । लक्ष्य पर पहुंचने के लिए बिल्कुल खड़ी चट्टान पर चढ़कर जाना पड़ता था । लक्ष्य पर पहुंचने की कठिन राह शत्रु की किलाबन्दी की स्थिति और प्रबल विरोध के बावजूद कैप्टेन संसार सिंह ने ठिकाने पर धावा करने तथा शत्रु की सेना पर आक्रमण करने के लिए अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया और अपने जवानों को इसके लिए प्रोत्साहित करते रहे । कैप्टेन संसार सिंह ने इस लक्ष्य की प्राप्ति में अपने प्राणों की तनिक भी परवाह न की और प्रेरणादायक नेतृत्व एवं महान साहस का परिचय दिया ।

40 जे सी-18170 सूबेदार पियारा सिंह, 5वीं बटालियन, सिख लाइट इन्फैंट्री ।

(मरणोपरान्त)

पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 नवम्बर 1965

सूबेदार पियारा सिंह 2-3 नवम्बर, 1965 की रात्रि को सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे । इस बटालियन को जम्मू एवं कश्मीर में मेंढर क्षेत्र के एक ऐसे ठिकाने का सफाया करने का आदेश दिया गया, जिसे पाकिस्तानी सेना ने युद्ध-विराम की अवहेलना कर के दबा लिया था । उनके लक्ष्य वे बंकर थे, जो बटालियन के अंतिम लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में बाधक बने हुए थे । यह मार्ग सुरंग क्षेत्र और कंटीले तारों से होकर जाता था । उन्होंने सुरंग क्षेत्र से होकर हमला किया, परिणाम-स्वरूप सुरंगों और तोपों की गोलाबारी से उनके 25 जवान शहीद हुए । इस हानि और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने शत्रु के उस बंकर पर किए धावे का नेतृत्व किया, जहां से एक हल्की मशीनगन दूसरी प्लाटून पर सीधी गोलाबारी कर रही थी । इस हल्की मशीनगन को शान्त करने के बाद वे दूसरे बंकर की ओर गए, जहां से एक 83 मिलीमीटर का राकेट लांचर गोलाबारी कर रहा था और बढ़ाव को रोके रहा था । जैसे ही उन्होंने बंकर के अन्दर एक हथगोला फैंका, 83 मिलीमीटर के राकेट से उनकी दोनों टांगें उड़ गयीं किन्तु जो हथगोला उन्होंने फैंका उस से बंकर के लोग मारे गए । कुछ क्षण बाद वह स्वयं भी वीरगति को प्राप्त हुए, पर यह तभी हुआ जब कि उन्होंने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया और अपने बचे हुए कुछ जवानों को अगली कार्रवाई करने के लिए निर्देश दे दिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार पियारा सिंह ने नेतृत्व, अदम्य साहस एवं महान बलिदान का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उत्कृष्ट परम्परा के अनुकूल था ।

सं० 16-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. ब्रिगेडियर श्री निवास पुंज (आई सी-2096), इंजीनियर्स ।
2. लेफ्टिनेन्ट कर्नल भमिराव वेन्कटराव शिवाने (आई सी-3813), इंजीनियर्स ।
3. विंग कमाण्डर कृष्ण डंडपानी (3583), जनरल ड्यूटीज (पायलट) ।
4. स्क्वाड्रन लीडर बावा पृतपाल सिंह (4051), टेक्नीकल सिगनल्ज-1 ।
5. स्क्वाड्रन लीडर लखमीर सिंह (4941), टेक्नीकल सिगनल्ज ।

सं० 17-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा, प्रदर्शित उच्च कोटि की विशेष सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "तृतीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. फ्लाइंग अफसर वेद प्रकाश मेहता (6591), प्रशासनीय और विशेष ड्यूटीज ।
2. फ्लाइंग अफसर दारा फिरोज चिनाय (7199), जनरल ड्यूटीज (पायलट) ।
3. पायलट अफसर एलेक्स पुथीनवीडे मेम्मन (6800), टेक्नीकल इंजीनियरिंग ।
4. 12549 वारंट अफसर दोराई-स्वामी अय्यर रामाकृष्नन, इलेक्ट्रीशियन-1 ।
5. 25261 वारंट अफसर रेघवीर सिंह, फिट्टर-1 ।
6. 16653 वारंट अफसर भास्करण नायर, फिट्टर आर्मरर ।
7. 30541 वारंट अफसर गोपाल नीलकण्ठ जोशी, फिट्टर-1 ।
8. 36317 फ्लाइट सार्जेट दतला रामभाद्र वर्मा ।
9. 19172 फ्लाइट सार्जेट कने लाल मुकर्जी, फिट्टर आर्मरर ।
10. 39277 फ्लाइट सार्जेट अमोलक सिंह, फिट्टर आर्मरर ।
11. 44153 फ्लाइट सार्जेट नारायणन चन्द्रशेखरन, फिटर, आर्मरर ।
12. 25876 फ्लाइट सार्जेट प्रीतम सिंह मफैल, फिट्टर ।
13. 203441 सार्जेट पूरन सिंह, एफ-2-ए ।
14. 37779 सार्जेट ब्रह्मी गोविन्दराम, एफ-2-ड ।
15. 400206 सार्जेट दिलीप कुमार मुकर्जी, एफ-2-इ।
16. 204006 फ्लाइट सार्जेट सीतारामन आयास्वामी, एफ-2-ए ।
17. 222454 कार्पोरल कनरीकन कुरियां फिलिप, इलेक्ट्रीशियन-1 ।

18. 218570 कार्पोरल मदई पुरहियापुरायल जयराम, एफ-2-इ ।

19. 401264 कार्पोरल ब्रह्मनपल्ली केसरी राव, एफ-2-ए ।

20. 401332 लीडिंग एयरक्राफ्टसमैन एंजुनेयूलू मल्लीकरं-जुना, एफ-2-इ ।

21. 216853 लीडिंग एयरक्राफ्टसमैन थानूवन गोपीनाथन, राडार मकैनिक ।

22. 256725 एयरक्राफ्टसमैन सिकन्दर गुलाब कुलकर्णी, राडार आपरेटर ।

23. 9310745 सिपाही प्रीतम सिंह, डिफेन्स सिक्योर्टी कोर ।

वाई० डी० गण्डेविया, राष्ट्रपति के सचिव

योजना आयोग

पिछड़े वर्गों के कल्याण से सम्बन्धित पैनल

नई दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी 1966

सं० स० क०/17(15)/64—संकल्प संख्या स० क०/17(15)/64 दिनांक 5 मार्च 1965, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पिछड़े वर्गों के कल्याण से सम्बन्धित पैनल के सदस्यों की सूची में श्री के० एल० बालमीकि, संसद् सदस्य का नाम जोड़ दिया जाये।

2. संकल्प की अन्य विषयवस्तु में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना की एक प्रति सम्बन्धित व्यक्तियों को भेज दी जाय ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना को सर्वसाधारण की सूचना के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

जी० आर० कामत, सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 जनवरी 1966

संकल्प

सं० 35(2)-काम(जन) (एफ०एम०सी०)/65—वायदा बाजार आयोग, बम्बई के कार्यचालन का पुनरीक्षण करने के लिए एक समिति बनाने के प्रश्न पर भारत सरकार पिछले कुछ दिनों से विचार कर रही थी । अतः भारत सरकार ने यह पुनरीक्षण कर के सरकार को इस विषय पर अपनी सिफारिशें दे देने के लिए नीचे लिखे व्यक्तियों की एक समिति बनाने का निश्चय किया है:—

1. प्रो० एम० एल० दांतवाला, — अध्यक्ष
अध्यक्ष,
कृषि, सम्बन्धी मूल्य आयोग,
कृषि विभाग,
खाद्य तथा कृषि मन्त्रालय ।

2. श्री ए० एस० नाइक, आई०सी०एस०, — सदस्य
अध्यक्ष,
वायदा बाजार आयोग
बम्बई ।

3. कृषि विपणन सलाहकार, — सदस्य
भारत सरकार,
नागपुर ।

4. श्री आर० महादेवन, — सदस्य
वित्त उप-सलाहकार,
वित्त मन्त्रालय ।

2. वाणिज्य मन्त्रालय के संयुक्त सचिव श्री पी० के० जे० मेनन सदस्य सचिव का काम करेंगे ।

3. समिति के विचारणीय विषय ये होंगे:—

(क) गत 10 वर्षों में वायदा बजार आयोग ने जिस प्रकार कार्य चलाया है उसका पुनरीक्षण करना जिससे यह ज्ञात किया जा सके कि आयोग उन उद्देश्यों को किस सीमा तक अमल में ला सका है जोकि संविधि के उद्देश्यों तथा कारणों सम्बन्धी विवरण में दिये गये हैं ।

(ख) देश की बदली हुई आर्थिक अवस्थाओं के प्रकाश में उस कार्य का आकलन करना जो वायदा बाजार भविष्य में कर सकते हैं ।

(ग) सुधार करने के उद्देश्य से वर्तमान अधिनियम में संशोधनों के सुझाव देना ।

(घ) यह विचार करके सुझाव देना कि वायदा बाजार आयोग को अन्य क्या कार्य सौंपे जा सकते हैं ।

4. समिति की बैठकें नई दिल्ली अथवा देश के अन्य महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्रों में हो सकती हैं ।

5. समिति 6 महीने के अन्दर अपना प्रतिवेदन सरकार को दे देगी ।

एम० एल० गुप्त, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 22 जनवरी 1966

स० 12/3/66-ई० प्रापर०—भारत रक्षा नियम, 1962 के नियम 133-वी के उप-नियम (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करती हुई केन्द्रीय सरकार सहर्ष यह निदेश देती है कि मे० मोहम्मददीन (इंडिया) प्रा० लि० 29, कोलूटोला स्ट्रीट, कलकत्ता की भारत में समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति, जो कि उनकी है, उनके पास है या जिसका प्रबन्ध उनकी ओर से किया जाता है, भारत शत्रु परिरक्षक के पास चली जायेगी ।

पी० के० जे० मेनन, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 3 फरवरी 1966

संशोधन

सं० 26 (1)-टैरि०/63—भारत सरकार के संकल्प सं० 26(1)-टैरि०/63 दिनांक 22 जनवरी 1966, जोकि भारत के राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है, के अनुसार टैरिफ आयोग बम्बई के कार्य-चालन का पुनरीक्षण करने के लिये बनायी गई जांच समिति में नीचे लिखे व्यक्ति भी सदस्य के रूप में शामिल कर लिए गए हैं :—

(1) डा० डी० टी० लकड़ावाला, — सदस्य
अर्थ विभाग,
बम्बई विश्वविद्यालय,
बम्बई ।

(2) डा० के० एस० कृष्णस्वामी, — सदस्य
आर्थिक सलाहकार,
योजना आयोग
नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संशोधन सर्वसाधारण की सूचना के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाय और इसकी एक-एक प्रति समस्त सम्बद्धों को भेज दी जाए ।

एम० बनर्जी, उप-सचिव

उद्योग मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 फरवरी 1966

संकल्प

सं० 6-4/65 सीमेंट-1—एस्बेस्टस सीमेंट उत्पाद उद्योग के विकास से संबंधित विभिन्न मामलों की जांच करने, उनका निरन्तर पुर्नविलोकन करते रहने तथा सरकार से उपयुक्त सिफारिशें करने की दृष्टि से भारत सरकार ने तकनीकी विकास का महानिदेशालय, नई दिल्ली के औद्योगिक सलाहकार, डा० एस० पी० वर्मा की अध्यक्षता में एक नामिका गठित करने का निश्चय किया है।

नामिका अन्य बातों के साथ निम्नलिखित पर भी विचार करेगी :—

(क) उद्योग के लिये कच्चे माल की उपलब्धता विशेषकर एस्बेस्टस रेशा ;

(ख) आयात किये गये रेशे के स्थान पर पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से देशी रेशे का प्रयोग किया जाना तथा रेशे के आयात बिल में पर्याप्त कमी करने के लिये आवश्यक उपाय करना;

(ग) जहां कहीं आवश्यक हो, उद्योग के लिये पूंजीगत मशीनों की आवश्यकता, देश में उनकी उपलब्धता तथा मशीनों का आयात करना, जिससे विदेशों में विकसित नई प्रविधियों से आत्मसात किया जा सके और जिसके फलस्वरूप देशी रेशे का अधिकाधिक उपयोग किया जा सके;

(घ) एस्बेस्टस सीमेंट उत्पादों की विशेष किस्मों के निर्माण के लिये उत्पादन में विविधता लाना विशेषकर वे किस्में जिनका अभी देश में निर्माण नहीं किया गया है ;

(ङ) उद्योग के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा गवेषणा और विकास करना; तथा

(च) एस्बेस्टस सीमेंट उत्पादों (उदाहरण के लिये एस्फाल्टिक रूफिंग शीट्स) के स्थान पर सम्भावित अन्य वस्तुओं तथा अन्य उत्पादों (उदाहरण के लिये जी० आई० शीट्स) के स्थान पर एस्बेस्टस सीमेंट के उत्पादों का भी इस्तेमाल किया जाना ।

नामिका के कर्मचारी वर्ग निम्नलिखित हैं:—

अध्यक्ष

1. डा० एस० पी० वर्मा, औद्योगिक सलाहकार, तकनीकी विकास का महानिदेशालय, नई दिल्ली।

सदस्य

1. श्री एच० डी० एस० हार्डी,
   प्रबन्ध निदेशक, एस्बेस्टस सीमेंट लि०, मुलुन्द, बम्बई तथा प्रबन्ध निदेशक, हिन्दुस्तान फेरेडो लि।
2. श्री बी० कजरीवाल,
   प्रबन्ध निदेशक, हैदराबाद एस्बेस्टस सीमेंट प्राडक्ट्स लि०, 128/48, माल्चा मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली—11।
3. श्री वी० एन० सोमानी,
   श्री दिग्विजय सीमेंट कं० लि०, दून हाउस, अहमदाबाद।
4. श्री एम० सी० बसु,
   खनिज अर्थशास्त्री, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर।
5. श्री एस० मल्होत्रा,
   विशेष कार्य अधिकारी पूर्ति और निपटान का महानिदेशालय, नई दिल्ली।
6. श्री एस० एन० सचदेव,
   संयुक्त निदेशक, ट्रैफिक (ट्रान्स्पोर्टेशन-1), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ।

सदस्य-सचिव

1. श्री एन० बिस्वास, विकास अधिकारी, (एस्बेस्टस उत्पाद), तकनीकी विकास का महा निदेशालय, नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया गया कि संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों के पास भेज दी जाये तथा सर्वसाधारण की जानकारी के लिये इसे भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित कराया जाये।

आर० नटराजन, अवर सचिव

खाद्य कृषि सामुदायिक विकास और सहकारिता

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 जनवरी 1966

सं० 7-2/66-एल० डी०—केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद् के नियम तथा विनियमों के नियम V(2) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार श्री शाहनवाज खां के स्थान पर श्री पी० गोविन्दा मेनन, मंत्री, खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मन्त्रालय को परिषद् का उप प्रधान नामजद करती है।

के० सी० सरकार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी 1966

प्रस्ताव

सं० 6-5/64 अर्थ नीति—भारत सरकार ने निश्चय किया है कि भारत सरकार के खाद्य और कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के प्रस्ताव संख्या 6–5/64-सी (ई), दिनांक 25 सितम्बर, 1964 द्वारा निर्मित और अधिसूचना संख्या 6–5/64 अर्थनीति, दिनांक 30 अप्रैल 1965 और प्रस्ताव संख्या 6-5/64-अर्थनीति, दिनांक 29 नवम्बर 1965 द्वारा संशोधित, अर्थ-शास्त्रियों की नामिका में डा० जे० पी० भट्टाचार्जी जिन्होंने खाद्य एवं कृषि संगठन में नियुक्त होने पर नामिका से त्याग पत्र दे दिया है, के स्थान पर डा० पी० के० मुखर्जी, निदेशक, कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन, योजना आयोग, नई दिल्ली, को नियुक्त किया जाये।

भारत सरकार ने यह भी निश्चय किया है कि श्री जे० एस० शर्मा, अर्थ अंक सलाहकार, खाद्य और कृषि मंत्रालय, नयी दिल्ली, को अर्थ शास्त्रियों की नामिका में शामिल किया जाय ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह प्रस्ताव समस्त सम्बन्धितों को भेजा जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह प्रस्ताव जन-साधारण की जानकारी के लिये भारत सरकार के राज-पत्र में प्रकाशित किया जाये।

संकल्प

सं० 6-20/65-जेनरल-2—भारत सरकार ने निश्चय किया है कि इस मन्त्रालय द्वारा प्रकाशित दिनांक 17 अगस्त 1964 के प्रस्ताव संख्या 6-32/64 सी (जी) के अन्तर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों को भी कृषि वैज्ञानिकों के पैनेल में सम्मिलित कर लिया जाये :—

1. प्रोफेसर ए० अब्राहम,
   वनस्पति विभाग के अध्यक्ष और डीन
   विज्ञान विभाग, केरल विश्वविद्यालय,
   त्रिवेन्द्रम (केरल) ।
2. डा० के० रामनकृष्णन,
   एसोसियेट डीन,
   कृषि कालेज और अनुसन्धान संस्था,
   कोयम्बेतोर।
3. डा० डी० सुन्दरेसन,
   पशु आनुवंशिकिविज्ञ,
   पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की एक प्रतिलिपि भारत सरकार के समस्त मन्त्रालयों और विभागों; समस्त राज्य सरकारों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों, योजना आयोग, मन्त्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मन्त्री सचिवालय, भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक,

राष्ट्रपति सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसद पुस्तकालय (5 प्रतियां), कृषि वैज्ञानिकों के पैनल के समस्त सदस्यों, समस्त राज्यों और संघ क्षेत्रों के कृषि और पशुपालन निदेशकों, खाद्य और कृषि मन्त्रालय (कृषि विभाग) के अन्तर्गत समस्त सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्व-साधारण की जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

बी० सिवारमन, सचिव

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 15 जनवरी 1966

संकल्प

सं० XVII (ix)-Fy (T)/66 भारत सरकार इस मन्त्रालय और राज्य मात्स्यकी विभागों की 'आपरेशनल' आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मात्स्यकी आंकड़ों के विभिन्न पहलुओं पर कार्यवाही करने हेतु, एक समिति स्थापित करने की आवश्यकता पर कुछ समय से विचार कर रही थी। यह निर्णय किया गया है कि खाद्य विभाग में निम्न प्रकार से मात्स्यकी आंकड़ों की एक स्थायी तकनीकी समिति गठित की जाए :—

1. मात्स्यकी विकास सलाहकार	अध्यक्ष
2. अर्थ तथा अंक सलाहकार, खाद्य तथा कृषि मन्त्रालय	सदस्य
3. सांख्यिकी सलाहकार, कृषि सांख्यिकी अनुसन्धान संस्थान	,,
4. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, सांख्यिकी विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय का प्रतिनिधि	,,
5. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, सांख्यिकी विभाग, मन्त्रिमण्डल सचिवालय का प्रतिनिधि	,,
6. योजना आयोग के कृषि प्रभाग का प्रतिनिधि	,,
7. खाद्य विभाग में मात्स्यकी आंकड़ों का कार्यभारी सांख्यिकीविद	संयोजक

समिति खाद्य विभाग को अपने सामान्य प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए अपेक्षित 'आपरेशनल' मात्स्यकी आंकड़ों के एकत्रीकरण, सारणीकरण और विश्लेषण करने के लिए आधार, परिभाषा, वर्गीकरण और रीति विधान से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में परामर्श देगी। समिति खाद्य विभाग में स्थापित किए जा रहे सांख्यिकी सैल और राज्य मात्स्यकी विभाग में सांख्यिकी सैल को मात्स्यकी आंकड़ों के विकास के लिए उनके कार्यक्रमों के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन भी सुलभ करेगी। जब कभी आवश्यक समझा जाएगा तब समिति की बैठक होगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के सभी मन्त्रालयों और विभागों, मन्त्रिमण्डल सचिलवालय, प्रधान मन्त्री सचिवालय, भारतीय व्यापार आयुक्त सभी भारतीय दूतावास, लंदन में भारत के उच्च आयुक्त, महा-निदेशक, वाणिज्य आसूचना तथा सांख्यिकी, कलकत्ता, पाकिस्तान में भारत के उच्च आयुक्त, भारत में सभी विश्वविद्यालयों को भेजा जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

गोडविन रोज़, संयुक्त सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 फरवरी 1966

सं० एफ० 2-6/63-पी० ई० 2—शिक्षा मंत्रालय की 18 सितम्बर, 1965 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में रेल खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री जी० पी भल्ला को राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला के गवर्नर्स बोर्ड में, सेवानिवृत्त श्री हरदयाल सिंह के स्थान पर 24 जुलाई 1966 तक नामजद किया जाता है।

रोशन लाल आनन्द, अवर सचिव

सिंचाई व बिजली मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1965

संकल्प

सं० वि० का० अनु० 5-516 (4)/64—परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) के अधीन राष्ट्रीय सड़कों पर बाढ़ नियन्त्रण के दृष्टिकोण से पुलों के लिये पर्याप्त जलमार्ग बनाने के प्रश्न पर तथा उस के व्यय के उत्तरदायित्व पर सरकार कुछ काल पूर्व से विचार कर रही है। यह आम तौर पर मान लिया गया है कि यदि प्राकृतिक कारणों से अतिरिक्त जल मार्ग की आवश्यकता हो जाती है तो उन जल मार्गों को चौड़ा करने के लिये परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) धन लगायेगा, किन्तु यदि ऐसा राज्य सरकार के द्वारा हाथ में लिये गये किन्हीं निर्माण कार्यों के कारण करना पड़ता है तो इस कारण हुए व्यय को राज्य सरकार अपने ऊपर लेगी। कभी-कभी कुछ ऐसे भी मामले उपस्थित हो सकते हैं जहां पर राज्य सरकार और परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) में इस बात में मतभेद हो जाए कि किन कारणों से जल मार्गों को चौड़ा करने की आवश्यकता पड़ी है और इस पर कौन प्राधिकार धन लगायेगा। ऐसे विवादों को हल करने के लिये एक स्थाई समिति स्थापित करने का निर्णय किया गया है।

2. समिति में निम्नलिखित होंगे :—

(1) अध्यक्ष, केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग	अध्यक्ष
(2) अतिरिक्त सलाहकार इंजीनियर (पुल), परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध)	सदस्य
(3) बाढ़ नियन्त्रण की कार्यभारी राज्य सरकार का मुख्य इंजीनियर	सदस्य
(4) केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग का प्रतिनिधि	सदस्यसचिव

3. स्थाई समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे —

समिति उन मामलों को अपने हाथ में लेगी जिन में राज्य सरकार और परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) में इस बात पर मतभेद होगा कि राष्ट्रीय सड़कों पर और अधिक पुलों के निर्माण (नामशः वर्तमान पुलों में परिवर्तन करना अथवा नये पुलों का निर्माण करना) के कौन से कारण हैं। समिति ब्यौरे की जांच करके प्रत्येक पुल के मामले में यह फैसला करेगी कि पुल के आवर्द्धन का कारण केवल एक ही है अथवा निम्नलिखित कारणों का समूह।

(क) प्राकृतिक कारण जैसे कि वर्षापात में वृद्धि सरिताओं के रास्तों में—प्राकृतिक परिवर्तन, आदि

(ख) वाह क्षेत्र से जल प्रवाह के वितरण की पद्धति में परिवर्तन जिस के परिणामस्वरूप राज्य सरकारों द्वारा हाथ में लिये गये बाढ़ नियन्त्रण, निस्सार सिंचाई तथा सड़क स्कीमों तथा और अन्य निर्माण कार्यों के कारण सम्बद्ध राष्ट्रीय सड़क पुल (पुलों) में से होने वाला जल निस्सार अधिकतम हो जाए;

(ग) निर्माण समय पर पुल की आरम्भिक अपर्याप्तता; और

(घ) कोई अन्य कारण।

यदि आवर्धित प्रबन्ध की आवश्यकता उपर्युक्त एक से अधिक कारण के परिणामस्वरूप होती है तो समिति इस बात पर भी विचार करेगी कि इन कारणों में से प्रत्येक कारण के परिणामस्वरूप जल मार्ग में कितनी-कितनी अधिकता की आवश्यकता पड़ी है।

4. जब कभी भी राज्य सरकार और परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) के बीच मतभेद पैदा हो जाए तो सम्बन्धित राज्य मुख्य इंजीनियर अथवा परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) राज्य के अथवा परिवहन मंत्रालय के मामले पर केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग के अध्यक्ष को एक ज्ञापन प्रस्तुत करेगा, जिसकी एक प्रति परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) अथवा सम्बन्ध राज्य सरकार को दी जाएगी। केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग के अध्यक्ष तब इस मामले पर विचार करने के लिये एक बैठक रखेंगे। समिति का निर्णय परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध) और राज्य सरकार दोनों को ही मानना पड़ेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सभी राज्य सरकारों, परिवहन मंत्रालय (सड़क स्कन्ध), प्रधान मंत्री के सचिवालय, राष्ट्रपति के निजी तथा सैनिक सचिवों, संसद कार्य विभाग, राज्य/लोक सभा सचिवालय, योजना आयोग और भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा, परीक्षक को प्रेषित कर दिया जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए और कि राज्य सरकारों से प्रार्थना की जाए कि वे साधारण सूचना के लिये इसे राज्यों के राजपत्रों में प्रकाशित कर दें।

पी. आर० अहूजा, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 1st January 1966

No. 9-Pres./66.—The President is pleased to approve the award of the MAHA VIR CHAKRA for acts of gallantry in the recent operations against Pakistan to :—

1. Brigadier ZORAWAR CHAND BAKSHI (IC-1510), Vr. C.,

5th Bn., The Gorkha Rifles.

(*Effective date of award—5th August* 1965)

Brigadier Zorawar Chand Bakshi was Commander of a Brigade which operated from the Tanmarg and Pattan area in Jammu and Kashmir and later in the area of the Uri-Poonch bulge, from 5th August 1965 till the ceasefire on 23rd September 1965.

Brigadier Bakshi was given the difficult task of capturing Basali, Haji Pir Pass and Kahuta. Haji Pir is at a height of nearly 9000 feet and its capture was vital for the Uri-Poonch link-up. The road connecting Uri and Poonch *via* Haji Pir, had deteriorated due to disuse and at some places it had disintegrated. There was no direct route for an approach to Haji Pir except over the mountain ranges of Sank and Ledwali Gali on the west and Badori, Kuthnardi Gali and Kiran feature on the east. From Silikot where his Brigade Headquarters was based, Haji Pir was at a distance of fourteen miles with strongly defended enemy positions forward of it and flanking it.

All along the route, Brigadier Bakshi remained foremost. As soon as an objective was captured, he was there personally, to guide and help in the reorganisation. Many a time, though enemy shelling was intense and continuous, he remained in the forefront without caring for his personal convenience or safety. After the capture of Haji Pir, he moved forward his tactical Headquarter immediately, though he knew that the enemy would most certainly counter-attack it viciously.

Throughout this operation, Brigadier Zorawar Chand Bakshi displayed a high standard of planning and tactical skill, combined with outstanding leadership, determination and camaraderie in sharing the hardships of his troops, which are in the highest traditions of the Indian Army.

2. Lieutenant Colonel ARUNKUMAR SHRIDHAR VAIDYA (IC-1701),

The Deccan Horse (9th Horse).

(*Effective date of award—6th September* 1965)

Lieutenant Colonel Arunkumar Shridhar Vaidya was in command of Deccan Horse in the series of actions fought by his unit from the 6th to the 11th September 1965 in Asal Uttar and Cheema (Punjab) in the recent operations against Pakistan.

In the battle he showed inspiring leadership and remarkable resourcefulness in organising his unit and fighting against heavy odds and inflicted severe casualties on the Patton tanks of the enemy.

With untiring effort he moved from sector to sector with complete disregard to his personal safety, thereby inspiring his troops by his personal example. He was instrumental to a large extent in stemming-thrusts by enemy armour in the battle of Asal Uttar and later at Cheema and delivered effective blows to the enemy tanks on the 10th—11th September 1965.

3. Lieutenant Colonel RAGHUBIR SINGH (IC-6596), 18th Bn.,

The Rajputana Rifles.

(*Effective date of award—7th September* 1965)

Lieutenant Colonel Raghubir Singh was commanding a battalion of the Rajputana Rifles Regiment during the battle of Asal Uttar. The unit was occuping the left forward position of a Brigade defended sector. During the period from the 7th to the 10th September 1965, the unit was attacked twice by day and twice at night by Pakistani forces in overwhelming strength, supported by armour and intense artillery fire.

On 9th September at 2100 hours, in moonlight, the enemy forces launched a ferocious attack with tanks and managed to overrun the forward Company positions. The situation became grave and communications with these Companies were disrupted. Lieutenant Colonel Raghubir Singh, anticipating the enemy's tank assault, left his Command post and regardless of personal safety, moved up to those Companies past three enemy tanks. He entered the positions under intense enemy artillery fire and established contact with the Company Commanders. This example of courage, determination and leadership on the part of the Commanding Officer inspired the men to defy the enemy tanks and under his command they destroyed twenty enemy tanks.

4. Brigadier THOMAS KRISHNAN THEOGARAJ (IC-4321),

The Armoured Corps.

(*Effective date of award—8th September* 1965)

On the 8th September 1965, the Pakistani troops commenced a major thrust in the Khem Karan area. Using Patton Tanks, the enemy attempted encirclement of our troops with the intention of a subsequent deep armoured penetration into our territory. The Armoured Brigade under the command of Brigadier Thomas Krishnan Theogaraj was immediately sent to the area to halt the enemy's advance.

Brigadier Theogaraj effectively deployed his tanks to face the enemy and steadily held his ground against determined enemy attacks. At the end of the battle, over 40 enemy Patton and Chaffe tanks had been destroyed or captured intact and two of the enemy's Patton Regiments were nearly wiped out. The enemy was forced to withdraw with heavy losses and never again attempted to use of tanks in a major thrust against our defences in this sector.

It was due to Brigadier Theogaraj's courage, leadership and determination, that this decisive victory against the enemy's armour was possible.

5. 3940154 Lance Havildar NAUBAT RAM, 6th Bn.,

The Dogra Regiment.

(*Effective date of award—8th September* 1965)

On the night of 8th/9th September 1965, Lance Havildar Naubat Ram was Commander of the leading platoon of a Company which had been given the task of capturing a hill feature a few miles South East of Haji Pir Pass in Jammu and Kashmir. While the leading Company was still in the forming-up position, the enemy brought down very heavy mortar fire on our attacking troops. Lance Havildar Naubat Ram was hit by a splinter and was wounded in the arm. This injury, however, did not deter him from continuing to lead his platoon in the attack. He advanced with his platoon on the right flank of the enemy but soon came under accurate fire from an enemy light machine gun and was pinned down. At this juncture Lance Havildar Naubat Ram started crawling towards the rear of the enemy strong point. Moving within a few yards of the enemy light machine gun, he hurled a grenade into it and went with his bayonet. Thus, single-handed, he captured the enemy light machine gun and killed the two gunners. Meanwhile his platoon rushed the enemy post and captured it without suffering any more casualties.

Even thereafter, this non-Commissioned Officer refused to be evacuated as he knew that the capture of this hill feature was a preliminary to a bigger attack on the main enemy position at Gitian.

On the 20th September 1965, when the main attack on Gitian feature commenced, Lance Havildar Naubat Ram was with the leading platoon of the leading company. When his platoon was hardly a hundred yards short of its objective, the enemy brought down heavy automatic fire. Lance Havildar Naubat Ram was wounded, but disregarding his injuries, he continued to lead the assault until he gained a foothold on the enemy position. Two enemy machine guns were holding up the attack, but he silenced them by throwing grenades and also captured them. Once again, Lance Havildar Naubat Ram was hit by a machine gun burst. But undaunted, he refused to be evacuated and remained in command of his platoon and reorganised it to meet the enemy's counter-attack. The enemy counter-attacked and some enemy soldiers entered his forward section post. But Lance Havildar Naubat Ram went forward and threw grenades and foiled the enemy's attempt to gain any foothold. By his example of personal valour and leadership, Lance Havildar Naubat Ram inspired his platoon to such a pitch that every enemy counter-attack was beaten back with severe losses to the enemy.

During this operation, Lance Havildar Naubat Ram was wounded three times. Each time he refused to be evacuated and though profusely bleeding, he continued to command his platoon. He fell down unconscious only after the enemy forces had been driven away.

Throughout the operation, Lance Havildar Naubat Ram displayed courage, leadership and devotion to duty of a high order in the best traditions of the Indian Army.

6. Lieutenant Colonel MADAN MOHAN SINGH BAKSHI (IC-1697),

The Hodson's Horse (4 Horse).

(Effective date of award—11th September 1965)

